RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 169 • 10:10:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## पीएम ने महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में नागपुर के डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का शिलान्यास शामिल है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने भारतीय कौशल संस्थान, मुंबई और महाराष्ट्र के विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए कल आए विधानसभा चुनाव परिणाम ने देश के लोगों के मूड को स्पष्ट रूप से प्रकट कर दिया है। उन्होंने कहा कि दो कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद लगातार तीसरी बार हरियाणा में जीत ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने राष्ट्र के विकास के लिए आधुनिक



बुनियादी ढांचे के निर्माण का महायज्ञ शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम सिर्फ इमारतें नहीं बना रहे हैं, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध महाराष्ट्र की नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाणे, अंबरनाथ, मुंबई, नासिक, जालना, बुलढाणा, हिंगोली, वाशिम, अमरावती, भंडारा और गढ़चिरौली जिले लाखों लोगों की सेवा के केंद्र बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि 10 नए मेडिकल कॉलेज महाराष्ट्र में 900 मेडिकल सीटें और जोड़ेंगे, जिससे राज्य में मेडिकल सीटों की कुल संख्या लगभग 6000 हो जाएगी। लाल किले से 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने के अपने संकल्प को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के युवाओं के लिए नए रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के अधिक से अधिक बच्चे डॉक्टर बनें और उनके सपने पूरे हों। पीएम मोदी ने कहा कि एक समय में ऐसी विशिष्ट पढ़ाई के लिए मातृभाषा में किताबें उपलब्ध न होना एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस भेदभाव को खत्म किया और महाराष्ट्र के युवा मराठी भाषा में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडन्नवीस वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मोदी की मां कालरात्रि से प्रार्थना-सभी का जीवन भयमुक्त हो

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आज मां कालरात्रि से प्रार्थना की है कि सभी भक्तों का जीवन भयमुक्त हो। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा,'' नवरात्रि की महासप्तमी मां कालरात्रि के पूजन का पावन दिन है। माता की कृपा से उनके सभी भक्तों का जीवन भयमुक्त हो, यही कामना है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने मां कालरात्रि की एक स्तुति भी प्रस्तुत की है। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के सातवें दिन देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा की जाती है। माता कालरात्रि को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी भी कहा जाता है। माता कालरात्रि विधिपूर्वक पूजा करने और व्रत रखने से अपने भक्तों की सभी बुरी शक्तियों और काल से रक्षा करती हैं। अर्थात भक्तों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता। मां के इस स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इसलिए तंत्र -मंत्र करने वाले विशेष रूप से मां कालरात्रि की उपासना करते हैं। राक्षसों और दुष्ट प्राणियों का संहार करने वाली मां कालरात्रि की सच्चे मन से पूजा करने से सारी चिंताएं दूर हो जाती हैं। जीवन और परिवार में सुख-शांति का वास होता है। शास्त्र और पुराण कहते हैं कि मां कालरात्रि की पूजा और व्रत करने से सभी नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं और आरोग्य की प्राप्ति होती है। मां कालरात्रि भक्तों की शक्ति और आयु में वृद्धि करती हैं। मां कालरात्रि की प्राकट्य कथाः शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज नाम के असुरों ने अपने अत्याचारों से पृथ्वी पर हाहाकार मचा दी थी। उनसे परेशान होकर सभी देवी-देवता भोलेनाथ के पास पहुंचकर उनसे रक्षा की प्रार्थना की।

## आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक दावे करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरतः राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों की अटूट आस्था का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तीकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। यह दुनिया को भारत का अमूल्य उपहार है। आयुर्वेद मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखते हुए समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम हमेशा से अपने आसपास के पेड़-पौधों के औषधीय महत्व के प्रति जागरूक रहे हैं और उनका उपयोग करते रहे हैं। आदिवासी समाज में जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों के ज्ञान की परंपरा और भी समृद्ध रही है लेकिन जैसे-जैसे समाज आधुनिकता को अपनाता गया और प्रकृति से दूर होता गया, हमने उस पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करना बंद कर दिया। घरेलू उपचार अपनाने की तुलना में डॉक्टर से दवा लेना आसान हो गया। अब लोगों में जागरुकता बढ़ रही है। आज पूरी दुनिया में इंटीग्रेटिव सिस्टम ऑफ मेडिसिन का विचार लोकप्रिय हो रहा है। विभिन्न चिकित्सा प्रणालियां एक-दूसरे की पूरक प्रणालियों के रूप में लोगों को स्वास्थ्य प्रदान करने में मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी का अटूट विश्वास है। इसी विश्वास का लाभ उठा कर कुछ लोग भोली-भाली जनता का नुकसान करते हैं। भ्रामक प्रचार और झूठे दावे करते हैं। ये लोग न केवल जनता के पैसे और स्वास्थ्य का नुकसान करते हैं बल्कि आयुर्वेद को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों के प्रति कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही बड़ी संख्या में चिकित्सकों की आवश्यकता है जिससे सामान्य लोगों को अशिक्षित चिकित्सकों के पास न जाना पड़े। इस संदर्भ में 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' एक महत्वपूर्ण पहल है। पिछले कुछ वर्षों में देश में आयुर्वेद कॉलेजों और उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में योग्य आयुर्वेदिक डॉक्टरों की उपलब्धता और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का विकास न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पशुओं और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होगा। बहुत से पेड़-पौधे इसलिए विलुप्त हो रहे हैं क्योंकि हमें उनकी उपयोगिता के बारे में पता नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा-जम्मू में चला योगी का जादू, जहां-जहां किया प्रचार, खिल गया कमल

**नई दिल्ली**। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हालिया



विधानसभा चुनावों में भी अपना प्रभाव दिखाया है। उनकी रैलियों की मांग हमेशा बनी रही और उम्मीदवारों के बीच उनकी उपस्थिति जीत की पक्की गारंटी मानी जाती है। योगी ने हरियाणा में 14 रैलियां और जम्मू में 4 रैलियां की थी। जम्मू में उन्होंने जिन विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया, वहां बीजेपी ने जीत हासिल की। हरियाणा में भी एंटी-इन्कंबेंसी माहौल के बावजूद योगी की रैलियों ने बीजेपी को 14 में से 9 सीटें जीतने में मदद की। क्योंकि पार्टी को पिछले दस सालों में सत्ता के खिलाफ जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। योगी की रैलियों में उमड़ने वाली भीड़ और उनका बोलने का अंदाज चुनावी नतीजों में सीधे तौर पर परिवर्तित होता है। उनकी लोकप्रियता के चलते बीजेपी ने दोनों राज्यों में उनकी रैलियों को एक प्रमुख रणनीति का हिस्सा बनाया था। इन चुनावों के परिणाम ने यह साबित कर दिया कि सीएम योगी, पीएम मोदी के बाद, बीजेपी के सबसे लोकप्रिय चेहरे हैं। उनके प्रभावी प्रचार से न केवल बीजेपी की स्थिति मजबूत हुई, बल्कि उन्होंने पार्टी की जीत तय करने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस प्रकार योगी की रैलियों की सफलता ने साबित किया है कि उनकी रणनीतियां अन्य राज्यों के चुनावों में भी बीजेपी के लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं।

### मानसून की विदाई होते-होते बारिश ने फिर दी दस्तक, 25 राज्यों में अलर्ट जारी



**नई दिल्ली**। देश से मानसून की विदाई के चलते बारिश ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत 25 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी कर दिया है। मध्य प्रदेश के 21 जिलों से मानसून अभी विदा नहीं हुआ है। अगले 24 घंटे में छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। 12 अक्टूबर के बाद मानसून लौट जाएगा। राजस्थान में मंगलवार को कई जिलों में बादल छाने के साथ तेज हवा भी चलीं। जैसलमेर में दोपहर बाद 2मिमी बारिश हुई। चूरू में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। छत्तीसगढ़ के रायपुर में भी मंगलवार को तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक 18 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के कारण मौसम में बदलाव आया है। दूसरी तरफ, नेपाल में हुई भारी बारिश ने बिहार में बीते दिनों 30 जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा कर दी। गंडक, गंगा, कोसी जैसी नदियां उफाने लगीं। अब नदियों का जलस्तर घट रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य से अगले 4 से 5 दिनों में मानसून पूरी तरह से खत्म होगा। मध्य प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से में अगले तीन दिन गरज-चमक के आसार हैं।

## गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलता रहेगा मुफ्त अनाजः मोदी कैबिनेट




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई 2024 से दिसंबर, 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को फोर्टिफाइड चावल की सार्वभौमिक आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप पोषण सुरक्षा की दिशा में यह बड़ा कदम है। 75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के संबोधन के अनुरूप चावल फोर्टिफिकेशन पहल की निरंतरता भारत सरकार की एनीमिया मुक्त भारत रणनीति के तहत अपनाए गए हस्तक्षेपों का पूरक होगी। दुनियाभर में फोर्टिफिकेशन आबादी के कमजोर वर्गों में एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों के कुपोषण को दूर करने का एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। भारतीय संदर्भ में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए चावल एक आदर्श माध्यम है। भारत की 65 प्रतिशत आबादी मुख्य भोजन के रूप में चावल का सेवन करती है। चावल फोर्टिफिकेशन में नियमित चावल (कस्टम मिल्ड राइस) में एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12) से समृद्ध फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) को शामिल किया जाता है। चावल फोर्टिफिकेशन पहल पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में भारत सरकार द्वारा 100 प्रतिशत वित्त पोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास को मंजूरी

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने स्वैच्छिक संसाधनों या योगदान के माध्यम से धन जुटाकर और धन जुटाने के बाद मास्टर प्लान के अनुसार चरण 1बी और चरण 2 के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। परियोजना का चरण 1ए 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है और 2025 तक पूरा करने की योजना है। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत की 4,500 साल पुरानी समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय लोथल में एक विश्व स्तरीय राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) स्थापित कर रहा है। एनएमएचसी परियोजना के विकास में 15 हजार प्रत्यक्ष रोजगार और 7 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के साथ लगभग 22 हजार नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है। परियोजना कार्यान्वयन से विकास को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों और आगंतुकों, शोधकर्ताओं और विद्वानों, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी। परियोजना के चरण 1ए में 6 दीर्घाओं वाला एनएमएचसी संग्रहालय होगा। इसमें भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की एक गैलरी भी शामिल है, जिसे देश की सबसे बड़ी गैलरी में से एक माना जा रहा है। इसमें बाहरी नौसेना कलाकृतियाँ (आईएनएस निशंक, सी हैरियर युद्धक विमान, यूएच3 हेलीकॉप्टर आदि), खुली जलीय गैलरी से घिरा लोथल टाउनशिप का प्रतिकृति मॉडल और जेटी वॉकवे शामिल होगा। चरण 1बी में 8 और दीर्घाओं वाला एनएमएचसी संग्रहालय होगा।

## सरकार बनते ही सबसे पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास कराना

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) और कांग्रेस गठबंधन को वहां की जनता ने जनादेश दिया है। जेकेएनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला प्रदेश के नए सीएम होंगे। मीडिया से बातचीत करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली और हमारे बीच एक अंतर है। दिल्ली कभी पूर्ण राज्य नहीं थी और किसी ने इसे राज्य बनाने का कभी वादा नहीं किया। 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर एक राज्य था और राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा हमसे किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत



बीजेपी के कई नेताओं ने इसका वादा किया है और बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर में तीन कदम उठाए जाएंगे जिनमें परिसीमन, चुनाव और फिर राज्य का दर्जा। परिसीमन और चुनाव हो गए हैं, अब राज्य का दर्जा मिलना बाकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां सरकार बनने के बाद कैबिनेट का पहला फैसला राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित करना होगा और प्रस्ताव पीएम मोदी को भेजा जाएगा। जेकेएनसी-कांग्रेस गठबंधन की चुनावी जीत के बाद उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं का आभार माना। उन्होंने कहा कि पिछले 8-10 सालों से यहां लोकतंत्र को पनपने नहीं दिया गया था। जेकेएनसी-कांग्रेस गठबंधन को बहुमत मिला है। मतदाताओं ने सोच-समझकर मतदान किया, खासकर उन इलाकों में जहां निर्दलीय उम्मीदवारों और छोटी पार्टियों के जरिए वोटों को बांटने की साजिशें रची जा रही थीं। हमारी जिम्मेदारी अब शुरू होती है, मतदाताओं ने अपना कर्तव्य निभाया है। अब हमारा कर्तव्य है कि हम काम करें और मतदाताओं की उम्मीदों और उनसे किए वादे पर खरे उतरें। बडगाम और गंदेरबल में से कौन सी सीट छोड़ेंगे, इस पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं दोनों सीटें नहीं रख सकता। मुझे एक सीट छोड़नी होगी। मैं अपने सहयोगियों से बातचीत करने के बाद फैसला करुंगा। उमर ने कहा कि कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव में जब बारामुल्ला के नतीजे आ रहे थे तो शुरुआत में आगे चल रहा था, लेकिन आधे घंटे में सब बदल गया और अंतर बढ़ता गया। मैंने हमेशा कहा है कि एग्जिट पोल समय की बर्बादी है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पांच मनोनीत विधायकों पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं उन्हें सुझाव दूंगा कि वे ऐसा न करें।

### जे पी नड्डा ने की नायब सैनी और मोहन लाल बड़ौली से मुलाकात

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को अपने आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से मुलाकात कर जीत के लिए बधाई दी। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर साझा की। जेपी नड्डा ने कहा कि वे दिल्ली स्थित आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से भेंट कर हरियाणा में भाजपा की अभूतपूर्व विजय की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत की हैट्रिक संगठन पदाधिकारियों और हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।

## आतंकियों ने गोलियों से छलनी किया जवान को, शव बरामद

**एजेंसी। श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर में सर्च ऑपरेशन टीम का जवान हो गया था लापता**

कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग में लापता हुए टेरिटोरियल आर्मी के जवान का शव बरामद कर लिया गया है। आतंकियों ने जवान को गोलियों से छलनी कर दिया। लापता जवान का शव बुधवार को उत्रास्हूलाक्के सांगलान फॉरेस्ट एरिया से बरामद किया गया है। शहीद हुए जवान की पहचान अनंतनाग के मुखधामपोरा नौगाम निवासी हिलाल अहमद भट के तौर पर हुई है। उक्त जवान हिलाल मंगलवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान लापता हो गए थे। कल रात से ही आर्मी की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई थी।



मीडिया रिपोर्ट में भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया कि खुफिया इनपुट के आधार पर मंगलवार को कोकेरनाग के काजवान फॉरेस्ट क्षेत्र में पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ सेना ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान एक टेरिटोरियल आर्मी का जवान के लापता होने की सूचना मिली। हालांकि, पहले खबर आई थी कि आतंकियों ने भारतीय सेना के दो जवानों का अपहरण कर लिया है। इनमें एक जवान के आतंकियों के चंगुल से भागने की जानकारी थी। दूसरी तरफ, जम्मू में इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान पाकिस्तान के पंजाब के सरगोधा के रहने वाले शाहिद इमरान के रूप में हुई है। उसके कब्जे से दो चाकू, एक स्मार्ट वॉच, सिगरेट का पैकेट, एक खाली सिम कार्ड होल्डर और पाकिस्तानी करेंसी में पांच रुपए का सिक्का बरामद हुआ है।

## चुनाव परिणामों पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया, घाटी का शुक्रिया, हरियाणा में आयोग से शिकायत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया दी है। एक ओर जहां राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की जीत पर लोगों का शुक्रिया किया। वहीं हरियाणा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण करने की बात कही। साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। राहुल गांधी ने पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया, प्रदेश में इंडिया की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक



स्वाभिमान की जीत है। उन्होंने लिखा, हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणावासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, जम्मू और कश्मीर के लोगों को कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को सेवा का मौका देने के लिए धन्यवाद। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को शानदार जीत की बधाई। यह जनमत जम्मू और कश्मीर के लोगों ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इस जनमत का आकलन कर रही है। हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं से बात कर, पूरी जानकारी मिलने और तथ्यों को जांच लेने के बाद पार्टी की तरफ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। हम हरियाणा के लोगों को कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

### आरजी कर कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टर्स का इस्तीफा

**कोलकाता**। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को सामूहिक इस्तीफे दिए गए। 50 सीनियर डॉक्टर्स ने आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के समर्थन में रिजाइन किया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में कई डिपार्टमेंट और उनके हेड्स की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में इस्तीफा देने का फैसला लिया गया। एक सीनियर मेंबर ने कहा कि जूनियर डॉक्टर्स एक मकसद के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और यह संदेश देने के लिए हमने इस्तीफे दिए हैं। छह जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन का आज चौथा दिन है।

### ट्रेनी डॉक्टर को न्याय दिलाने देशभर में डॉक्टर्स एसोसिएशन ने की भूख हड़ताल

**कोलकाता**। कोलकाता दुष्कर्म-मर्डर मामले के खिलाफ फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन बुधवार को देशभर में भूख हड़ताल कर रही है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक ट्रेनी डॉक्टर को न्याय नहीं मिलता, तब तक वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस भूख हड़ताल में दिल्ली के डॉक्टर्स भी शामिल हो गए हैं। हड़ताल के समर्थन में बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सामूहिक इस्तीफे दिए गए। 50 सीनियर डॉक्टर्स ने आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के समर्थन में इस्तीफा दे दिया। एक सीनियर ने बताया कि जूनियर डॉक्टर्स एक मकसद के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं। हम उनके साथ खड़े



हैं और यह संदेश देने के लिए हमने इस्तीफे दिए हैं। दरअसल, कोलकाता में जूनियर डॉक्टर 5 अक्टूबर से आमरण अनशन कर रहे हैं। वे हेल्थ सेक्रेटरी को हटाने समेत नौ मांगों को मनवाने के लिए अड़े हैं। वहीं, दूसरी तरफ बंगाल सरकार ने कहा है कि सरकार अपने सभी वादे पूरी कर रही है। ममता सरकार ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की है।

### पटना के नौलखा मंदिर में 28 साल से बाबा नागेश्वर कर रहे तप, बोले- मां के आशीर्वाद से सब होता है पूरा

# सीने पर 21 कलश रखकर मां दुर्गा की आराधना



**पटना, एजेंसी।** पटना में दुर्गा पूजा पर माहौल भक्तिमय हो गया है। माता के दर्शन के लिए मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। यहां कई ऐसे शक्तिपीठ है जिसकी महिमा निराली है। मां दुर्गा के भक्त अपने-अपने तरीके से आस्था के साथ पूजा कर रहे हैं।

पटना में एक ऐसा अनोखा भक्त है, जो अपने सीने पर 21 कलश रखकर मां की अराधना करते हैं। नवरात्रि पर सचिवालय स्थित नौलखा मंदिर के पुजारी नागेश्वर बाबा पिथले 28 साल से 9 दिनों तक सीने पर कलश रखते हैं। मान्यता है की इस मंदिर में लोगो की मन्नतें पूरी होती है।

**मुझे भी समझ में नहीं आता कैसे कर लेता हूं:** बाबा नागेश्वर(64) ने कहा कि मेरा उद्देश्य है धर्म की जय हो और अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो और संपूर्ण देशवासियों का कल्याण हो। नौलखा मंदिर के देवी का नाम मनोकामना माता है।

भक्त जो भी मुराद लेकर यहां आते हैं, मां उसे पूरा करती हैं। मां की कृपा है जिसकी वजह से मैं अपने सीने पर 21 कलश लेकर पूरे नवरात्र निर्जला उनकी चरणों में रह जाता हूं। वो भी बिना नित्य क्रिया किए हुए। 28 साल हो गए, लेकिन मुझे भी समझ नहीं आता कि मैं कैसे ये कर पाता हूं। बाबा नागेश्वर ने बताया कि 28 साल पहले एक कलश के साथ उपवास की शुरुआत की थी। धीरे-धीरे करके 21 कलश के साथ हर साल करने लगे। खास बात यह है कि इन सारे 21 कलश में जल भरे हुए हैं, जिसका वजन 50 किलो है। 36 साल की उम्र से लगातार सीने पर कलश रखकर माता की आराधना करते आ रहे हैं। मां के आशीष से ये कठिन साधना पूरा हो पता है।

**नवरात्र शुरू होने के 15 दिन पहले से रखते हैं व्रत:** पूरे नवरात्र बाबा को न भूख-प्यास लगती है और न ही शौचालय जाते हैं। नवरात्र से 15 दिन पहले ही मां दुर्गा के लिए व्रत रखना शुरू कर देते हैं। धीरे-धीरे करके अन्न-जल त्यागते हैं। फिर दो दिन पहले से पूरे तरीके से खाना-पीना छोड़ देते हैं। दशहरा समाप्त होने के बाद एकादश को भोजन ग्रहण करते हैं।

**माता की शक्ति से कुछ भी संभव है:** मंदिर के संस्थापक विजय यादव ने कहा कि बाबा को तपस्या करते हुए 28 साल पूरे हो गए हैं। अन्न-जल और नित्य क्रिया त्यागकर अपने सीने पर 21 कलश लिए हुए हैं। उनको देखने के लिए पूरे बिहार के अलग-अलग जगहों से लोग आते हैं। यह मंदिर भी शक्तिपीठ है। इसका नाम मनोकामना नौलखा मंदिर है। जैसा बाबा कर रहे हैं वो कभी भी संभव नहीं था। कहते हैं न कि शक्ति में ही भक्ति है। माता की शक्ति ही है, जिसके वजह से वह ये कर पाते हैं।

**तीन साल तक मां कामाख्या मंदिर में की थी उपासना:** बाबा नागेश्वर बताते हैं कि वर्ष 1985 के दौरान गुवाहटी स्थित मां कामख्या मंदिर में नवरात्र के मौके पर कठिन तपस्या की थी। लगातार तीन साल तक हर नवरात्र में मां की चौखट पर प्रार्थना करने पहुंच जाते थे। बाबा बताते हैं कि घर वालों का भी सहयोग रहा। मां की कृपा पाने के बाद रोजी-रोटी के लिए पटना आ गए। अपना पेट भरने के लिए मंदिर के पास स्थित होटलों में पानी देने का काम करते रहे, कुछ समय बाद मंदिर में नवरात्र के समय मां की पूजा आरंभ की।

वर्ष 1996 से बाबा नागेश्वर हर साल अपने सीने पर कलश स्थापित कर नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना करते हैं। पहले साल उन्होंने सीने पर एक कलश रखा था। बाद में कलशों की संख्या में बढ़ोतरी होते गई और अब सीने पर 21 कलश रखकर नवरात्र में मां की पूजा कर रहे हैं।

**15 दिन पहले से आरंभ होता है अनुष्ठान:** नागेश्वर की मानें तो शारदीय नवरात्र के समय होने वाले अनुष्ठान को लेकर 15 दिन पहले योगाभ्यास आरंभ कर देते हैं। इसके लिए दिन और रात मिलाकर थोड़ा-थोड़ा करते हुए अन्न और जल का इस्तेमाल कम करते हैं। नवरात्र आरंभ होने के तीन-चार दिन पहले अन्न और जल का प्रयोग नहीं के बराबर करते हैं। इसी तरह से अभ्यास करते हुए कई साल बीत गए। नवरात्र में नौ दिनों तक बगैर अन्न-पानी के रहते हैं।

इस दौरान नित्य के क्रियाकलाप भी बंद हो जाते हैं। अपने सीने पर कलश लेकर नौ दिनों तक की मां की आराधना में लीन रहते हैं। 60 वर्षीय नागेश्वर बाबा बताते हैं कि ऐसा सिलसिला जारी रखे हुए यह उनका 26वां साल है। एक कलश के साथ आरंभ हुआ सिलसिला 21 कलशों के साथ तक पहुंच गया पता हीं नहीं चला। ये सब मां दुर्गा की कृपा है।

**शरीर में होता है ऊर्जा का प्रभाव, आती है खूब नींद:** बाबा की मानें तो नवरात्र के समय मां की आराधना करने के दौरान शरीर में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है, बल्कि एक प्रकार की ऊर्जा मिलती है।

वे बताते हैं कि इन नौ दिनों के अंदर खूब नींद आती है। लगता है कि मां अपने गोद में सुला रही हों। कभी-कभी मन काफी व्याकुल हो जाता है लेकिन जैसे ही मन को एकाग्र कर मां की ओर ले जाता हूं तो फिर सबकुछ सामान्य हो जाता है। उनका कहना है कि यह सब मां के आशीष के बिना संभव नहीं हो सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### बरुराज में नवविवाहिता की हत्या दो हिरासत में

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बरुराज थाना क्षेत्र के छिपुलिया गांव में मंगलवार को नवविवाहिता रूबी कुमारी को दहेज के लिए मार देने का मामला सामने आया है। वह गांव के रंजन कुमार राम की पत्नी थी। उसके पिता देवरिया निवासी रवींद्र राम के लिखित शिकायत पर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में रूबी के पति रंजन कुमार राम और सास को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि रूबी कि शादी तकरीबन डेढ़ साल पहले रंजन से हुई थी। हाल ही में रूबी का अपेंडिस का ऑपरेशन भी हुआ था। थानाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे ने बताया कि रवींद्र राम ने दहेज के लिए पुत्री कि हत्या ससुराल वाले द्वारा कर दिए जाने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पर मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पति और सास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मनियारी थाना क्षेत्र के एनएच 28 भुजुंगी चौक के पास मनियारी पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो युवकों को पकड़ा है। उसके पास से एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद हुई है। मनियारी थानाध्यक्ष देवव्रत कुमार ने बताया कि सोमवार की रात गश्ती के दौरान एनएच 28 भुजुंगी चौक की ओर आते एक बाइक दिखी। इसपर दो युवक सवार थे। पुलिस ने दोनों को पीछा कर पकड़ा। तलाशी लेने पर एक के पास से एक एक कट्टा और दो गोली बरामद हुई। गिरफ्तार युवकों में एक हिमांचल कुमार व दूसरा प्रिंस कुमार है। दोनों छितरौली गांव का रहनेवाला है। पूछताछ के बाद दोनों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हरियाणा की चुनावी जीत से भाजपा कार्यकर्ता गदगद

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी, निज संवाददाता। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत को लेकर यहां पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित हरियाणा के मतदाताओं को बधाई दी है। पार्टी नेताओं का कहना था कि तमाम राजनीतिक भविष्यवाणियों को गलत साबित करते हुए भाजपा को राज्य में लगातार तीसरी बार महान मतदाताओं ने सरकार गठन का मौका दिया है। यह पार्टी की नीतियों और सधे हुए नेतृत्व की जीत है। बधाई देने वालों में अरूण कुमार चंद्रवंशी, अशोक सिंह और गोपाल स्वर्णकार आदि शामिल हैं।

### सिटी एसपी ने शेरघाटी के पूजा पंडालों का लिया जायजा

**गया, एजेंसी।** गया की सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने मंगलवार की शाम अचानक शेरघाटी पहुंचकर विभिन्न पूजा पंडालों और मूर्ति विसर्जन मार्गों का मुआयना किया। उन्होंने शहर के बीचोंबीच स्थित रंगलाल हाई स्कूल के मैदान का भी जायजा लिया, जहां दशहरा के मौके पर रावण वध कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान सुरक्षा तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जन सुरक्षा के लिए अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। करीब दो घंटे तक शेरघाटी में ठहरी सिटी एसपी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि पूजा की भीड़ भाड़ में किसी भी श्रद्धालु या आमजन को सुरक्षा की दृष्टि से कोई असुविधा नहीं हो।

### डॉ राजेश्वर बने डिप्टी डायरेक्टर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एलएस कॉलेज के हिंदी विभाग के डॉ. राजेश्वर को बिहार विवि के एकेडमिक स्टाफ कॉलेज का उप निदेशक बनाया गया है। विवि प्रशासन ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी की। अभी एकेडमिक स्टाफ कॉलेज में सिर्फ निदेशक काम रहे थे।

## बिहार में चल रहे 37 हजार स्कूलों के पास नहीं है मान्यता, सर्टिफिकेट का वैल्यू भी नहीं



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में बिना मान्यता के 37 हजार से अधिक निजी स्कूल चल रहे हैं। निजी विद्यालयों की मान्यता को लेकर हुई समीक्षा में मामला सामने आया है। सूबे के सभी निजी विद्यालयों को मान्यता लेने के लिए आवेदन करना था। कुल 49702 निजी स्कूलों ने आवेदन किया, मगर इनमें 11995 ही मान्यता ले सके। इनमें भी 5562 निजी विद्यालयों ने ही पोर्टल पर अपने यहां नामांकन के लिए उपलब्ध सीट की सूचना अपलोड की।

मुजफ्फरपुर जिले में 2227 में 585 स्कूल ही मान्यता प्राप्त हैं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने बिना मान्यता व मान्यता मिलने के बाद भी सीट अपलोड नहीं करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई को लेकर सभी जिलों को आदेश दिया है।

बता दें कि बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 के तहत जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि अपने-अपने जिले में संचालित निजी विद्यालयों की मान्यता को लेकर 10 अगस्त तक ई-संबद्धन पोर्टल पर आवेदन कराना सुनिश्चित करें। आवेदन तिथि बढ़ाकर 17 अगस्त की गयी। 49702 निजी विद्यालयों ने आवेदन किया, मगर इनमें महज 11,995 ने ही मान्यता प्राप्त किया है।

बाकी ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी नहीं की। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 11,995 मान्यता प्राप्त विद्यालयों में से महज 5,562 निजी विद्यालयों ने ही पोर्टल पर अपने यहां उपलब्ध सीट की जानकारी अपलोड की। बिना मान्यता वाले स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का कोई भी सर्टिफिकेट मान्य नहीं होगा। जिला समेत राज्य के ऐसे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का सरकारी रिकॉर्ड में भी नाम नहीं दर्ज होगा। अभिभावकों को इसे लेकर सजग रहने को कहा गया है।

डीईओ अजय कुमार ने बताया कि बिना मान्यता वाले और मान्यता मिलने के बाद भी सीट अपलोड नहीं करने वाले स्कूलों को पहले 15 दिन का नोटिस दिया जाएगा, इसके बाद उनको नियमावली के अनुसार बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नजदीक के मान्यताप्राप्त स्कूलों से जोड़ा जाएगा।

### इन जिलों में यह स्थिति

पटना में 4511 में 926 मान्यताप्राप्त, सीतामढ़ी में 1463 में 665, वैशाली में 2097 में 466, पश्चिम चंपारण में 2375 में 301, पूर्वी चंपारण में 1701 में 259, गया में 2367 में 353, दरभंगा में 1457 में 326 स्कूल ही मान्यताप्राप्त हैं।

## पर्यटकों से भरी मिनी बस गड्ढे में पलटी, 8 यात्री घायल



**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में पर्यटकों से भरी ट्रेवलर (मिनी बस) को अज्ञात ट्रक ने बुधवार की सुबह टक्कर मार दिया। इसके कारण ड्राइवर ने संतुलित खो दिया और गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। इसमें 8 पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घटना गया-पटना एनएच-83 पर कडौना थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के पास की है।

**सभी घायलों का चल रहा इलाज**

पर्यटकों के ट्रांस्लेटर शिव शंकर कुमार ने कहा कि ट्रेवलर में कुल 23 लोग सवार थे। सभी लोग नेपाल से बोध गया जा रहे थे। जैसे ही गाड़ी सलेमपुर गांव के पास पहुंची। दूसरी दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दिया। इसके कारण गाड़ी गड्ढे में पलट गई। इसके बाद घटना की सूचना कडौना थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

तीन पर्यटकों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि ट्रक के बारे में पता लगाया जा रहा है। इसके बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बताया जा रहा है कि सभी लोग बौद्ध भिक्षुक है और लगभग सभी लोग विदेशी पर्यटक है।

## पहले ट्रेनिंग फिर सर्टिफिकेट, बिहार के राजमिस्त्रियों को विदेश में भी मिलेगा काम



**पटना, एजेंसी।** बिहार के राजमिस्त्रित्त्यों को बड़ी निर्माण कंपनियों और विदेशों में काम करने के ज्यादा मौके मिलेंगे। इसके लिए राजमिस्त्रित्त्यों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मंगलवार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और एनएसडीसी के बीच इस संबंध में समझौता पत्र(एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ।प्राधिकरण सचिव मीनेंद्र कुमार और एनएसडीसी प्रमुख मयंक भटनागर के बीच एमओयू का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। प्राधिकरण सभागार में हुए समारोह में प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत, सदस्य नरेंद्र कुमार सिंह, पीएन राय, कौशल किशोर मिश्र और प्रकाश कुमार मौजूद रहे। 26 करोड़ की लागत वाली इस योजना की अवधि 3 वर्षों की है। इसके तहत राज्य के सभी 534 प्रखंडों के 30-30 राजमिस्त्रित्त्यों को दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्हें ₹700 प्रतिदिन की दर से क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। एक उन्नत टूल किट, प्राधिकरण तथा निगम के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

इस मौके पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष उदयकांत ने कहा कि राज्य में बीस हजार राजमिस्त्रित्त्यों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसलिए एनएसडीसी रोजगार लायक प्रशिक्षण दे यानी उन्हें राज्य और विदेशों में काम करने का प्रशिक्षण दे। उन्हें सही अवस्था में बैठकर काम करने और नशा से बचने की सलाह देकर भी जागरूक करे। उन्होंने कहा कि उन्हें मिलने वाले प्रमाण पत्र की मान्यता देश एवं वैश्विक स्तर पर हो।

## बिजली बिल नहीं भरा तो लेट फाइन नहीं देना होगा, स्मार्ट मीटर वालों को बड़ी राहत की तैयारी

**पटना, एजेंसी।** बिजली बिल से विलम्ब शुल्क अधिभार (डीपीएस) हटेगा। बिजली कंपनी ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंपनी ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग में एक याचिका दायर की है। आयोग का फैसला आते ही बिजली बिल से डीपीएस हट जाएगा। हालांकि, डीपीएस हटने का निर्णय केवल स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर ही लागू होगा। कंपनी अधिकारियों के अनुसार पूर्व के वर्षों में विनियामक आयोग की ओर से दिए गए निर्णय के अनुसार उपभोक्ताओं से डेढ़ (1.50) फीसदी डीपीएस वसूली जाती है। यह राशि तब वसूली जाती है जब कोई बिजली उपभोक्ता कंपनी की ओर से निर्धारित तिथि तक बिजली बिल का भुगतान नहीं करते हैं।



बिजली बिल जमा नहीं करने पर हर महीने यह राशि बढ़ते चली जाती है। चूंकि बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता अग्रिम राशि जमा किया करते हैं। इसलिए तय समय पर बिल भुगतान का नियम अब महत्वहीन हो गया है। लेकिन कंपनी की ओर से वसूले जा रहे डीपीएस को हटाने के नियम को कानूनी रूप से हटाया जाना जरूरी है। इसलिए बिजली कंपनी ने सप्लाई कोड में बदलाव संशोधन करने के लिए विनियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर की है। आयोग की ओर से इस पर सुनवाई जारी है और जल्द ही इस पर फैसला आ जाएगा।

एडवांस जमा पर कंपनी दे रही ब्याज स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले उपभोक्ता अगर एडवांस राशि दे रहे हैं तो उन्हें बैंक से अधिक ब्याज दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को अपने एकाउंट में न्यूनतम रकम 2000 रखना होगा। तीन महीने तक प्रतिदिन स्मार्ट प्रीपेड मीटर में न्यूनतम दो हजार रखने पर 6.75 ब्याज प्राप्त हो रहा है। तीन महीने से छह महीने तक लगातार दो हजार से अधिक बैलेंस रहने पर उपभोक्ताओं को ब्याज दर से 0.25 अतिरिक्त ब्याज दिया जा रहा है।

# सपेरे को कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

### 2011 में सांप के खेल में एक युवक को गले में लपेटा था, काटने पर गई जान

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में एक सपेरा को 10 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। व्यवहार न्यायालय के ष्ठद्ब-14 विवेक कुमार की अदालत ने सपेरा मो.शमसुल को 10 साल की कैद और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। ये सजा घटना के 13 साल बाद सपेरा को दी गई है। दरअसल, 2011 में पीरपैंती के दुलदुनिया गांव में शमसुल, सांप का खेल दिखा रहा था। तभी एक युवक के गले में सांप लपेट खेल दिखा रहा था। उसी समय सांप ने उस युवक को डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उसी मामले में दोषी सपेरे को 10 साल की सजा सुनाई गई है। मो. शमसुल पीरपैंती थानाक्षेत्र के खानपुर गोविंदपुर का रहने वाला है। इस दौरान सरकार की तरफ से मुहम्मद अकबर खां ने बहस में हिस्सा लिया।



**ताबीज के रहते कोई सांप तेरा बाल-बांका नहीं कर सकता:** अगस्त 2011 में अभियुक्त सपेरा मो. शमसुल अपने कई सांपों को लेकर पीरपैंती के ओलापुर पंचायत के दुलदुलिया गांव सांप का खेल दिखाने पहुंचा था। सांप के खेल से पहले मो. शमसुल ने डमरू और बांसुरी बजाकर काफी भीड़ इकट्ठी कर ली थी। उस भीड़ में से दुलदुलिया गांव के राजेंद्र राम बिंद के बेटे दिवाकर राम बिंद अन्य लड़कों के साथ आगे खड़ा होकर सांप का खेल देख रहा था। इस बीच डमरू बजाते सपेरा मो.शमसुल ने दिवाकर को भीड़ से अपनी तरफ हाथ पकड़ कर खींच लिया। वहीं, सपेरे द्वारा उसे निडर बताते हुए कुछ नहीं होने की बात कहकर पिटारे में से रखे ताबीज के ढेर से एक ताबीज निकाल दिवाकर को दे दिया। बोला ताबीज के रहते कोई सांप तेरा कुछ भी बाल-बांका नहीं कर सकता। इतना बोल कर फिर पिटारे से एक सांप निकाला और दिवाकर के गले में लपेट दिया। सांप ने चंद मिनटों के बाद ही दिवाकर को डस लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सपेरा मो. शमसुल के द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया था, लेकिन दिवाकर की मौके पर ही मौत हो गई।

**गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया गया था:** घटना को लेकर सपेरा मो. शमसुल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया गया था। उसी केस के दोषी सपेरा मो. शमसुल को कोर्ट ने सजा सुनाई है।

## महुआ थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक, हाजीपुर में चौकीदार का बेटा निकला आरोपी

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक इस कदर हावी हो गया है कि चौकीदार का बेटा भी चोरी करने लगा है। दिन में पिता की वर्दी पहनकर कभी कभी महुआ थाना में ड्यूटी भी कर लेता है। रात में मौका मिलने पर हाथ भी साफ कर लेता है। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें साइकिल पर सवार होकर महुआ थाना क्षेत्र के कुशहर चौक स्थित मार्केट के पास आरोपी पहुंचता है। इसके बाद साइकिल के पीछे एक पैकेट सरसों लोड करके निकल जाता है। इस तरह से चौकीदार के बेटे ने चार पैकेट सरसों यानी ढाई क्विंटल की चोरी कर ली।



वहीं जब सुबह में गद्दीदार दुकान पहुंचा तो चार बोरा सरसों का पैकेट गायब था। जब दुकान में लगे सीसीटीवी को देखा गया तो महुआ थाना में तैनात चौकीदार राजाराम पासवान का बेटा सुनील कुमार पासवान वीडियो में दिखा। जब दुकानदार ने चौकीदार से बेटे की शिकायत की तो चौकीदार आग बबूला होकर उल्टे ही गलत केस में फंसा देने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीड़ित गद्दीदार नवीन कुमार साह ने महुआ थाना में तैनात चौकीदार राजाराम पासवान के बेटे सुनील कुमार पासवान पर नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर घटना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी यादव 23 अक्टूबर को नालंदा में करेंगे संवाद कार्यक्रम, 16 अक्टूबर से शुरू हो रहा है दूसरा चरण

**पटना**। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव संवाद कार्यक्रम का दूसरा चरण 16 अक्टूबर से शुरू कर रहे हैं। यह 26 अक्टूबर तक चलेगा। सीएम नीतीश कुमार के गढ़ नालंदा में वह 23 अक्टूबर को संवाद करेंगे। बिहार वापस लौटते ही तेजस्वी यादव ने सबसे पहले संवाद कार्यक्रम की तारीख को फिक्स किया। प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू के हस्ताक्षर से जारी किए गए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यक्रम की सूचना सभी जिला अध्यक्ष को भेज दी गई है । तय कार्यक्रम के मुताबिक तैयारी चल रही है। तेजस्वी यादव के दूसरे चरण का संवाद 16 अक्टूबर को बांका, 17 अक्टूबर को जमुई, 18 अक्टूबर को मुंगेर, 19 अक्टूबर को खगड़िया , 20 अक्टूबर को बेगूसराय, 21 अक्टूबर को लखीसराय और शेखपुरा, 22 अक्टूबर को नवादा , 23 अक्टूबर को नालंदा, 24 अक्टूबर को जहानाबाद और अरवल, 25 अक्टूबर को गया तथा 26 अक्टूबर को संगठन टेकारी में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।



### NMCH कैंपस में बाइक में लगी आग, आग पर काबू नहीं पाया गया

**पटना**। पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल कैंपस में खड़ी बाइक में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गई। स्थानीय लोग आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। काफी प्रयास के बावजूद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस बीच स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचती। इस बीच गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। गाड़ी में आज अचानक कैसे लगी। इस बारे में भी अभी तक स्पष्ट नहीं पता चल पाया है। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीओपी के प्रभारी मोहम्मद कलामुद्दीन ने बताया कि बुधवार की दोपहर एक गाड़ी नालंदा मेडिकल कॉलेज कैंपस में खड़ी थी। अचानक गाड़ी से धुआं निकलते हुए देखा गया। आस-पास के लोग कुछ समझते, इससे पहले ही बाइक में आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का अस्पताल के कर्मचारियों ने काफी प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें काफी तेज थी।



### पहले पिकअप ने टक्कर मारी फिर सिर कुचला, छात्र की मौत, पूजा का फूल लाने घर से निकला था

**पटना**। पटना में सड़क हादसे में छात्र अमन कुमार (14) की मौत हो गई। घटना पटना के दीघा थाना क्षेत्र के बाटागंज की है, जहां पूजा का फूल लेकर अमन घर लौट रहा था। घर जाने वाले गली के पास पहुंचने ही वाला ही था कि तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जैसे ही पिकअप ने टक्कर मारी छात्र गिर गया और ड्राइवर सिर कुचलते हुए भाग निकला। मौके पर ही नाबालिग छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक की पहचान रामजीचक पटेल गली में विनोद सिंह के मकान में किराए के रूप में रहने वाला लाल बहादुर चौधरी उर्फ बादल के बेटे के रूप में हुई है, जो 9वीं कक्षा का छात्र है। मृतक तीन बहन, दो भाई में सबसे छोटा था। मृतक का परिवार मूल रूप से भागलपुर का निवासी है। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने डायल 112 के साथ ही परिजनों को दी। सूचना पाकर डायल 112 के साथ ही यातायात थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए PMCH भेज दिया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सप्तमी के दिन माता का पट खुलते ही उमड़ी भीड़



सबसे पहले शीशा के जरिए कराया गया दर्शन

एजेंसी, पटना।

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन पटना के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पट खोल दिए गए हैं। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्ति गीतों ने पूरे माहौल को भक्ति मय कर दिया है। पंडालो में पंडित शारदीय नवरात्र के अवसर पर वैदिक रीति रिवाज से पूजा करने में जुटे हैं। सुबह से ही पूजा पंडालो में पंडित एवं पुरोहितों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन सप्तमी को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। फुलवारी शरीफ दुर्गा स्थान मंदिर में स्थित देवी मां के पट को श्रद्धालुओं के लिए 2:01 पर खोल दिया गया। लोगों ने बताया कि यहां लगभग 100 वर्षों से वैदिक रीति से पूजा होती आ रही है। कमेटी के लोगों ने बताया कि इस वर्ष मां देवी के तीनों रूप के लिए एक श्रद्धालु के तरफ से सोने का नथिया उपहार स्वरूप दिया गया है। वहीं एक श्रद्धालु के तरफ से गणेश जी एवं कार्तिक जी के लिए चांदी के जेवर चढ़ाए गए है। इस मौके पर पूजा समिति के सुभाष नारायण, अमर प्रकाश गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, पंचम पांडे, रघु प्रसाद, डब्लू कुमार, रंजीत कुमार सहित दर्जनों भक्तों ने माता की भक्ति में दुर्गा स्थान पर बनी भजन गीत गाकर लोगों का मन मुक्त कर दिया।

## पटना में 2700 टोकरी से बना भव्य पंडाल, आर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने दिया कॉन्सेप्ट

एजेंसी, पटना।



पटना के हनुमान नगर स्थिति हाउसिंग बोर्ड चौराहा पर इको फ्रेंडली पंडला बनाया गया है। पंडाल की भव्यता और खूबसूरती लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इस पंडाल को पटना आर्ट्स कॉलेज और कोलकाता के कारीगरों ने मिलकर भव्य तरीके से बनाया है। पंडाल 2 हजार 700 बांस की टोकरियों से बनाया गया है।

**आर्ट्स कॉलेज के छात्रों के कॉन्सेप्ट पर बना पंडालः** मुख्य आयोजक अभय शर्मा ने बताया कि टोकरी से पंडाल बनाने का कॉन्सेप्ट आर्ट्स कॉलेज के छात्रों का था। उन्होंने ही कहा था कि इसबार टोकरी से इको फ्रेंडली पंडाल बनाया जाए। पंडाल काफी सुंदर भी लग रहा है। पंडाल लोगों के सहयोग से बनाया जाता है। हर वर्ष 8 से 10 लाख चंदा आ जाता है। हमलोगों का पंडाल शहर के टॉप 10 पंडालों में से एक है। 6 लाख रुपए लागत आई है।

**27 वर्ष पहले से हो रही है पूजाः** गौरव कुमार उर्फ माटीन और अमरेश नेता ने बताया कि वर्ष 1997-98 से पूजा हो रही है। उस वक्त पूरा इलाका खाली रहता था। गिने चुने लोगों के बदौलत छोटा सा पंडाल बनाता था। 10 रुपए 20 रुपए लोग चंदा उस समय देते थे।

**हनुमान नगर में 27 वर्षों से हो रही है पूजा, 6 लाख रुपए हुए खर्च**

आज हजारों लोगों की सहभागिता से बड़ा और भव्य पंडाल बनाता है। हर बार अलग कांसेप्ट होता है। 6 वर्ष पहले 60 फिट ऊंचा भगवान शिव की अदमाकद प्रतिमा बनाई गई थी, जो काफी सुर्खियों में रही थी। दूर दराज से लोग इसकी भव्यता को देखने के लिए पहुंचते थे। 27 वर्षो यह सिलसिला जारी है।

**मनोकामाना पूरी करती हैं मांः** पुजारी विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि माता श्रद्धालुओं की सारी मनोकामना पूरी करती हैं। विशेष तौर पर माता को लौंग, अड़हूल के फूल, चुनरी और नारियल का चढ़ावा चढ़ता हैं।

## संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पूजा पंडाल

**बेगूसराय के बड़की माता मंदिर के तर्ज पर बना है पंडाल, 15 मुस्लिम कारीगरों ने किया तैयार**

एजेंसी, पटना।



पटना के संपतचक बाजार में बिहार का सबसे ऊचा पूजा पंडाल बना है। पंडाल की ऊंचाई 151 और चौड़ाई 80 फीट है। इसे पूरे डेढ़ महीने में जामताड़ा झारखंड के 15 कारीगरों ने बनाया है। पंडाल की भव्यता और सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। आसपास के अलावा पास के सटे अनुमंडल और जिलों से भी लोग इस पंडाल को देखने आ रहे हैं। पूरे पंडाल को एशिया के बड़े मंदिरों में से एक बेगूसराय के बिहट में स्थित सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। दावा किया जाता है कि इससे ऊंचा मंदिर माता का पूरे एशिया में नहीं है। नवरात्र के समय में यहां भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है।

**नहीं करते हैं मांसाहार का सेवनः** पंडाल बनाने वाले सभी कारीगर मुस्लिम समाज से हैं। निर्माण कार्य के दौरान अंडा, मीट, मछली का सेवन नहीं करते हैं। पूरे सात्विकता के साथ पंडाल बनाते हैं। कारीगर मुजफ्फर अंसारी ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से सिर्फ पंडाल बनाने का काम करते आ रहे हैं। इस दौरान शाकाहारी भोजन करते हैं। शाहबुद्दीन अंसारी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से पंडाल बनाते आ रहे हैं। सात्विकता का पूरा ख्याल रखते हैं। इसी तरह से मोबारक ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को निभाते आ रहे हैं। मुख्य आयोजक सदस्यों में शामिल मुकेश कुमार ने बताया कि जब यहां कुछ नहीं था। सिर्फ गांव हुआ करता था। तब से हमारे पूर्वज यहां पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित करके पूजा करते आ रहे हैं। वर्ष 1971 से यह परंपरा चली आ रही है। 40 से 50 गांव के लोग यहां पहुंचते हैं।

## मनेर में बड़ी देवी जी का पट खुला

एजेंसी, पटना।



नवरात्र का आज सातवां दिन है। इस दिन मां कालरात्रि के रूप की पूजा की जाती है। राजधानी पटना में मां का पट भी खुलना शुरू हो चुका है। पटना से सटे मनेर प्रखंड के बड़े चौराहा सरस्वती चंद्र पुस्तकालय स्थित बड़ी देवी का पूरे विधि-विधान के साथ पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया है। पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई है। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने आज बोरिंग रोड स्थित पूजा पंडाल पहुंचकर माता का दर्शन किया। इस मौके पर नगर विकास मंत्री नितिन नवीन, ऋतुराज सिन्हा सहित कई नेता मौजूद रहे। सम्राट चौधरी ने कहा की माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और बिहार के आर्थिक समृद्धि की कामना की। हरियाणा में कांग्रेस के हार पर सम्राट चौधरी ने कहा की कांग्रेस पार्टी हार के लिए ही जानी जाती है। हरियाणा की जनता ने बीजेपी को प्यार दिया है। जो भी कांग्रेस के साथ जायेगा वो भी हारेगा। मनेर प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ी देवी की प्रतिमा की स्थापना 1930 से ही की जा रही है। यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के लोग मिलकर पिछले लगभग 94 वर्षों से बड़ी देवी जी की प्रतिमा स्थापित करते हैं। इस संबंध में मनेर नगर परिषद के अध्यक्ष विद्याधर विनोद ने बताया कि आजादी से पहले लगभग 1930 से ही मां दुर्गा के प्रतिमा का स्थापना किया जा रहा है। उस दौरान सभी धर्म के लोगों के साथ हमारे पूर्वजों ने इसकी स्थापना की थी।

## पटना में सेब की पेटी से शराब बरामद

एजेंसी, पटना।

पटना के फतुहा रेल पुलिस ने विशेष अभियान के तहत विभिन्न ब्रांड के लगभग 93 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। शराब, सेब की पेटी में लावारिस हालत में पड़ा था। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर खुसरूपुर रेल पुलिस ने विभिन्न ब्रांड के 14 लीटर विदेशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**सेब की पेटी से शराब बरामदः** वहीं इस मामले में रेल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि दशहरा पर्व को लेकर मंगलवार की रात से वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर शराब तस्करों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान के तहत कुछ पुलिसकर्मी सिविल और कुछ पुलिस कर्मी ड्रेस अप में निगरानी रख रहे थे। बुधवार कि अहले सुबह चेकिंग के दौरान रेल फुट ओवर ब्रिज के नीचे कपड़े में बंधा सेब की पेटी लावारिस हालत में मिला। पुलिस टीम ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद उस पेटी को रेल थाना फतुहा ले आई। इसके बाद जब उस पेटी को खोला गया तो पहले उसमें सेब दिखा, लेकिन जब और अंदर तक खोला गया तब सेब के अंदर शराब की बोतलें मिलीं। इसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए जप्ति सूची बनाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



80 बोतल शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने दबोचाः** वहीं खुसरूपुर रेल प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत ही वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में खुसरूपुर में अभियान चलाया जा रहा था। इसके बाद गुप्त सूचना मिली कि राजेंद्र नगर हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन से दो व्यक्ति बैग में शराब लेकर लखीसराय जा रहे हैं। दोनों को टीम ने धर दबोचा और थाने ले आई। जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसके बैग से यूपी निर्मित 180 ml की विदेशी शराब की 80 बोतल बरामद की गई। इसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की पहचान लखीसराय निवासी अशोक कुमार पांडेय के बेटे आर्यन कुमार और गणेश सिंह के बेटे आलोक रंजन के रूप में हुई है।

## पशुपति पारस ले सकते हैं रामविलास की जगहः मांझी

एजेंसी, पटना।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इशारों इशारों में लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हाजीपुर से सांसद चिराग पासवान पर निशाना साधा है। मांझी ने कहा है कि दिवंगत रामविलास पासवान की जगह पशुपति पारस से ही पूरी हो सकती है। उन्होंने ये भी कहा कि रामविलास के घर की पारिवारिक कलह घर तक ही रहे तो अच्छा है। उनके इस बयान पर बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। मांझी के इस बयान पर चिराग की पार्टी LJP (R) ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने कहा, 'पशुपति पारस रिश्तेदार हो सकते हैं, लेकिन उत्तराधिकारी नहीं हो सकते हैं। जब आपको मौका मिला था तब स्वार्थ के चलते अपने सब कुछ अलग कर लिया। रामविलास पासवान जैसे नेता की कोई भी जगह नहीं ले सकता है।' वहीं बीजेपी ने मांझी के बयान पर कहा कि आज के दौर की राजनीति में कोई किसी की जगह नहीं ले सकता है। जगह बनानी पड़ती है।



**मांझी बोले- हम रामविलास के विचारों से प्रभावितः** दरअसल, मंगलवार को रामविलास पासवान की पुष्यतिथि पर दिल्ली में पशुपति पारस की पार्टी रालोजपा के दफ्तर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मांझी भी यहां श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पारस बाबू, रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मना रहे थे और हमको भी सूचना मिली। हम लोगों को रामविलास पासवान के साथ कुछ दिनों तक रहने का मौका मिला। हम उनके विचारों से काफी प्रभावित हुए हैं, इसीलिए हम यहां पर आए। हम यहां आकर खुश हैं। पशुपति पारस थोड़ा अस्वस्थ हैं, लेकिन उनके परिवार वालों से मिलकर काफी सुखद एहसास हुआ है। ऐसा लगा कि रामविलास बाबू तो चले गए हैं, लेकिन उनके स्वरूप पारस बाबू हैं।'

**चिराग की पार्टी बोली- रिश्तेदार हो सकते हैं उत्तराधिकारी नहीं, बीजेपी ने भी झाड़ा पल्ला**

**पारिवारिक कलह घर तक ही रहेः** चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस के बीच विवाद पर जीतन राम मांझी ने कहा, 'परिवार में तो थोड़ी बहुत खटपट होती रहती है। समाज और देश के लिए अगर कुछ करना है तो मिलकर रहना चाहिए। ऐसा नहीं करने से दोनों को नुकसान होगा। सबसे ज्यादा नुकसान समाज को होगा, इसलिए हम समाज के आदमी के नाते यह जरूर कहना चाहेंगे कि पारिवारिक कलह घर तक ही रहे बाहर नहीं जाए।'

**रामविलास की जगह कोई नहीं ले सकताः** बीजेपी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि आज के दौर की राजनीति में कोई किसी की जगह नहीं ले सकता है। जगह बनानी पड़ती है, जितना बड़ा स्वर्गीय रामविलास पासवान का कद था, उनकी जगह लेना बहुत ही मुश्किल है।

## अखिलेश की सीट से लड़ेंगे लालू के छोटे दामाद

एजेंसी, पटना।

राजद सुप्रीमो लालू यादव के एक दामाद चिरंजीव यादव हरियाणा चुनाव में रेवाड़ी विधानसभा सीट से हार गए। अब उनके दूसरे दामाद तेज प्रताप यादव यूपी उपचुनाव में अपनी किस्मत आजमाने वाले हैं। दरअसल, यूपी में इस साल के आखिर में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इसको देखते हुए समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की 6 सीटों के लिए नाम का ऐलान कर दिया है। मुलायम सिंह के पोते और लालू यादव के दामाद तेजप्रताप यादव को पार्टी ने करहल से उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तेजप्रताप को 2024 के लोकसभा चुनाव में कन्नौज से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन करहल से विधायक अखिलेश यादव ने अचानक खुद इस सीट से मैदान में उतर गए थे। अब इस विधानसभा सीट से वो लालू यादव के दामाद को विधानसभा भेजना चाहते हैं। राजलक्ष्मी के नाम के पीछे भी एक कहानी है। कहते हैं कि लालू प्रसाद यादव राजलक्ष्मी के जन्म से पहले बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इसलिए उन्होंने अपनी सबसे छोटी बेटी का नाम राजलक्ष्मी रखा था। दोनों की शादी दिल्ली में शाही तरीके से हुई थी। राजलक्ष्मी का जन्म साल 1990 में लालू के सीएम बनने के बाद हुआ था। लालू यादव और मुलायम यादव के बीच पारिवारिक रिश्ता रहा है। उन्होंने 2016 में मुलायम यादव के पोते तेज प्रताप यादव से अपनी छोटी बेटी राजलक्ष्मी की शादी की थी। राजलक्ष्मी से शादी करने के लिए तेज प्रताप सिंह यादव सैफई से 2 चार्टर प्लेन के साथ बरात लेकर गए थे। तेजप्रताप और राजलक्ष्मी को आशीर्वाद देने के लिए पीएम मोदी भी शादी में पहुंचे थे।



**नल, एसी-सोफा चोरी का आरोप लगाने वालों का प्रोफाइल तैयार है**

## बंगला विवाद पर तेजस्वी बोले- सबको नोटिस भेजूंगा, भवन निर्माण विभाग को भी बनाएंगे पार्टी

एजेंसी, पटना।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को दुबई टूर से पटना लौटे। मंगलवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के साथ पटना पहुंचते ही इन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। डिप्टी सीएम हाउस से सामान चोरी के आरोप पर कहा कि ये लोग तेजस्वी के इमेज को खराब करना चाह रहे हैं। ये बहुत ही हास्यास्पद है। हंसी आती है। बीजेपी को आरजेडी और तेजस्वी से डर है। ये लोग घबराहट में मेरी इमेज को खराब करना चाहते हैं। सभी को अदालत ले जाएंगे। आरोप लगाने वाले सभी लोगों को देखा है। जिन्होंने आरोप लगाया है। जिन्होंने गलत बोला है। सभी का प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। हमने अपने वकीलों से बात की है, जल्द ही उन्हें नोटिस जाएगा। अगर तेजस्वी दोषी है तो भवन निर्माण को बताना चाहिए। वो क्यों खामोश हैं। भवन निर्माण कुछ नहीं बोलता है तो उसे भी पार्टी बनाएंगे। सभी को अदालत ले जाएंगे। दरअसल, जिस 5 देशरत्न में तेजस्वी यादव रह रहे थे वो बंगला अब डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को अलॉट हुआ है। शिफ्ट होने से पहले बीजेपी के मीडिया इंचार्ज दानिश इकबाल की तरफ से आरोप लगाया गया था कि तेजस्वी यादव बंगला से नल, एसी और कई सारी लग्जिरियस चीजें अपने साथ लेकर चले गए हैं।



**जांच के लिए ईडी-सीबीआई को लगाएंः** तेजस्वी यादव ने कहा कि हम आज ही पटना लौटे हैं। बिना प्रमाण के मेरे ऊपर आरोप लगाया जा रहा है। ऐसा भाजपा ही कर सकती है। हम पढ़ाई, दवाई, कमाई की बात कर रहे हैं। वो हमारे ऊपर चोरी का आरोप लगा रहे हैं। कैसी सरकार है ये। क्या कर रही है एजेंसी। ईडी- सीबीआई को लगाओ। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो इन्हें माफी मांगनी चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी अपने बूते सत्ता में आ नहीं सकती है। इसलिए तेजस्वी की इमेज को खराब कर सत्ता में आना चाहती है। जो होने वाला नहीं है। जांच एजेंसियां इनकी है। ईडी सीबीआई ले आएं। चैलेंज करते हैं कि इनकी ईडी-सीबीआई कहां है। बिना प्रमाण के आरोप लगाया जा रहा है। कोई भी आकर आरोप लगा रहा है। ये ठीक नहीं है। ये लोग तेजस्वी के चरित्र को बदनाम करना चाह रहे हैं। जनता तेजस्वी के चरित्र को जानती है।

**एक-एक चीज की रिकॉर्डिंग हैः** नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि छुटभैया नेता जिन्हें जानकारी नहीं है। सच का पता नहीं है। कुछ भी आकर बोल दे रहे हैं। मेरे पास एक-एक रिकॉर्डिंग है। हम अभी शिफ्ट किए नहीं हैं। वहां का भी वीडियो रिकॉर्डिंग है। सुशील मोदी जी के बाद तारकिशोर जी आए। उनसे जाकर पूछिए कि क्या-क्या लेकर गए। क्या छोड़ कर गए थे। उसका भी वीडियो रिकॉर्डिंग है। अभी का भी वीडियो रिकॉर्डिंग है। पूरा वीडियो रिकॉर्डिंग करके भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को सौंपा है।

## पटना में तेज बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट

**बक्सर, आरा और समस्तीपुर में बारिश, कई शहरों में बदला मौसम**

एजेंसी, पटना।



बक्सर, आरा और समस्तीपुर में बुधवार को बारिश हुई है। पटना के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। राजधानी में तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिर सकती है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 5 और जिलों में अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान बेगूसराय सबसे गर्म जिला रहा। जहां का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मोतिहारी के बंजरिया प्रखंड में 3 नदियों का पानी पहुंचने से कई गांव बाढ़ की चपेट में है। खेतों में फसल डूब चुकी है। गांवों में भी घुटने तक पानी भरा हुआ है।

**3 से 4 दिनों में मानसून की विदाईः** मौसम विभाग के मुताबिक, पुरवा हवा के कारण प्रदेश के कुछ हिस्सों में मानसून एक्टिव है। इसके कारण कुछ जगहों पर बादल के साथ छिटपुट बारिश की संभावना है। बिहार के कुछ हिस्सों से मानसून की विदाई शुरू हो चुकी है। इसमें गोपालगंज, सीवान, बक्सर, आरा, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और गोपालगंज शामिल है। अगले 3 से 4 दिनों में बिहार से पूरी तरीके से मानसून की विदाई हो जाएगी।

**पटना में गर्मी का एहसास होगाः** पटना के आसपास इलाकों में आज दिन में धूप खिली रहेगी। इस वजह से लोगों को हल्की गर्मी का एहसास होगा। जबकि, शाम होते ही पुरवा के कारण बादल छाए रहने से मौसम सामान्य बना रहेगा। पुरवा हवा के प्रवाह से रात के तापमान में गिरावट आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इनरवा फुलवार के शिक्षक अमित कुमार सिंह के निधन पर शोक की लहर

**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इनरवा फुलवार के शिक्षक के निधन पर शोक की लहर में सभी शिक्षक डूब गए। उन्हें श्रद्धांजलि सभा में नम आंखों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने विदाई दी।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इनरवा फुलवार के शिक्षक अमित कुमार सिंह जो की 2014 बैच टीईटी पास नियोजित शिक्षक थे की तबियत विद्यालय में आचनक 01/10/2024को खराब हो गई थी जहां ऑपरेशन के क्रम में श्री अमित कुमार सिंह का निधन 09/10/2024को प्रातः 4बजे अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में हो गया। सिंह अत्यंत मेधावी,व्यवहार कुशल ,हसमुख,मिलनसार एवम लोकप्रिय शिक्षक थे।उनका यू असामयिक निधन शिक्षा क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।वे अपने पीछे छोटे -छोटे 3साल का पुत्र,पुत्री 5 साल एवम 8साल छोड़ गए।लोकप्रिय शिक्षक श्री अमित कुमार सिंह श्रद्धांजलि देने के लिए यूएचएस इनरवा फुलवार में एक श्रद्धांजलि सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो की संख्या में शिक्षक,छात्र -छात्रा, अभिभावक,जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों एवं आम जनता ने भाग लिया।उक्त मौके पर बनकटवा प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कल्पना कुमारी,मुखिया पति राकेश कुमार सरपंच श्री महेश राय यूएचएस इनरवा फुलवार के प्राचार्य बीरेंद्र यादव, यूएचएस, मठिया भोपत के प्रधानाध्यापक रौशन कुमार, कुमार नितेश, राहुल मिश्रा,प्रमेश कुमार,महेश्वर प्रसाद यादव , शशि भूषण कुमार ,बसंत कुमार राय,ईशान कुमार, मो0 ताज्जुदीन, मदन प्रसाद यादव,हारून आलम ,लोकेश तिवारी,अमित कुमार राजेश कुमार ,राकेश रंजन ,संतोष कुमार सिंह ,विनोद सिंह सहित हजारों लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित किए एवम उनके आत्मा के शांति के लिय ईश्वर से प्रार्थना किए।

### हरियाणा में भाजपा के प्रचंड जीत पर भाजपाईयों में हर्ष

**चाणक्य भूमि मैनाटाड़।** हरियाणा विधानसभा में भाजपा की प्रचंड जीत पर मैनाटाड़ के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है। उत्तरी मंडल अध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में कार्यकर्ता एकजुट होकर खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाया। प्रखंड अध्यक्ष अनिल पटेल ने कहा हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी बार की जीत से यह साबित हो गया है कि देश मोदी मय हो गया है। केंद्र के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं पर पूरी देश की जनता को भरोसा और विश्वास है। जम्मू कश्मीर में भी भाजपा का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है ।जो शुभ संकेत है ।मौके पर डॉक्टर धनंजय त्रिपाठी , नरेंद्र प्रसाद,परमेंद्र कुमार, सुनील कुमार,शिव कुमार आदि मौजूद रहें।

### 13 अक्टूबर को मझौलिया में रोटरी की ओर से लगेगा फ्री हेल्थ कैम्प

**चाणक्य भूमि, मझोलिया।** आगामी 13 अक्टूबर को हरिपकड़ी रोड स्थित कानोडिया फार्म परिसर में रोटरी क्लब बेतिया टाउन एवं इनरव्हील क्लब के सौजन्य से निःशुल्क मेंगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी बेतिया रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डीके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन करने के लिए आधार कार्ड का छाया प्रति अनिवार्य है।

### प्रशासन द्वारा डीजे जब्ती के बाबजूद कुछ जगहों पर हुआ डीजे का प्रयोग

**चाणक्य भूमि बेतियौ।** आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर लोक व्यवस्था के सुचारू संधारण के लिए संपूर्ण राज्य में डीजे पर पाबंदी लगाई गई है। हालाँकि डीजे के बिना आजकल भक्ति कार्यक्रम अधूरा सा दिखता है परन्तु लॉ एंड ऑर्डर को सम्भालने के लिये पुलिस ऐसे मौके पर पिछले कुछ समय से प्रतिबंध लगाती रही है। बेतिया पुलिस अधीक्षक के निर्देसानुसार बेतिया सदर अनुमंडल में भी प्रशासन द्वारा किसी अनहोनी की आशंका से बचने के मद्देनजर लगातार डीजे साउंड बॉक्स जब्त किए जाने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इसी क्रम में बैरिया, नौतन, योगापट्टी, श्रीनगर से विगत 24 घंटे में 52 डीजे साउंड बॉक्स जब्त किया गया है। परंतु देखा गया कि कुछ जगहों पर पुलिस की नजरों से बचा कर लोगों ने डीजे का प्रयोग किया। बेतिया पुलिस लोक व्यवस्था संधारण में सर्वोत्कृष्ट स्तर के लिए प्रतिबद्ध है।

### नौतन थाना के भगवानपुर गांव से कुख्यात शराब तस्कर गिरफ्तार

» गोपालगंज के जादोपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



**चाणक्य भूमि नौतन।** नाव द्वारा नदी के रास्ते शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना मुकेश कुमार यादव को गोपालगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मुकेश कुमार यादव लंबे समय से इस गिरोह का संचालन कर रहा था बताया जा रहा है कि उसका गैंग उत्तर प्रदेश से नाव के रास्ते शराब मंगाकर गोपालगंज समेत कई जिलों में सप्लाई करता था। गोपालगंज एसडीपीओ प्रांजल ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली की शराब मामले में वांछित शराब माफिया बेतिया जिले के नौतन थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव अपने घर पर मौजूद है। प्राप्त सूचना के आधार तत्काल एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए जादोपुर थाना थानाध्यक्ष के नेतृत्व के कुख्यात शराब माफिया को गिरफ्तार किया गया है। वो पिछले कई वर्षों से शराब का धंधा करता था।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में हुआ केस अविलंब वापस ले प्रशासन : विधायक



**चाणक्य भूमि मैनाटाड़।** स्थानीय विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रखंड के नकछेद बहुअरवा गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने के विरोध में तीन नामजद सहित बीस अज्ञात लोगों पर हुये प्राथमिकी दर्ज को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि सरकार निजी कंपनी जैसे अदानी बंधुओं को लाभ पहुंचाने के लिए गरीब लोगों से बिजली बिल के नाम पर नाजायज पैसा वसूल रही है ।जो कहीं से ठीक नहीं है। स्मार्ट मीटर गरीबों के लिए काला कानून है। जो वापस होना चाहिए। साथ ही प्रशासन नकछेद बहुअरवा गांव के लोगों पर हुए केस को अविलंब वापस लें। अन्यथा माले इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करेगी ।विधायक ने बताया कि स्मार्ट मीटर जब लगता है तो जीरो बैलेंस बताता है। वही जब लग जाता है तो तीन गुना बिल आने लगता है ।गरीब लोगों का ज्यादा पैसा स्मार्ट मीटर में लग रहा है। जो कहीं से उचित नहीं है ।विधायक ने स्मार्ट मीटर का विरोध किया है।

# थावे में पुलिस ने 20 जोड़ों को आपत्तिजनक हालत में पकडा

चाणक्य भूमि गोपालगंज

» नवरात्री के दौरान थावे में प्रशासन ने कारवाई कर तीन मैरेज हॉल और गेस्ट हाउस से 20 जोड़ों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा



मंगलवार को जिले के थावे थाना के थावे मंदिर के पास मैरेज हॉल और गेस्ट हाउस पर चल रहे अवैध धंधे पर पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कारवाई कर हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन अलग-अलग मैरेज हॉल से 40 लड़के-लड़कियों को हिरासत में लिया। जिसके बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में तीनों मैरेज हॉल को सील कर दिया। माँ दुर्गा के शक्तिपीठ में इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस व्यापार ने थावे की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया है। हालाँकि तीनों संचालक मौके से फरार हो गये।

प्रशासन द्वारा बताया गया कि सभी लड़के-लड़कियां संदिग्ध हालत में मिले हैं और पुलिस फरार संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करने में जुटी है।

यह छापामारी सीओ रवि भूषण गौरव और थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में की गई थी। छापेमारी के दौरान तीनों मैरेज हॉल से कई आपत्तिजनक सामान, दर्जनों मोबाइल और बाइक बरामद की गई। सीओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थावे मंदिर स्थित गौरी शंकर मैरेज हॉल, न्यू गौरी शंकर मैरेज हॉल और शुभम मैरेज हॉल के संचालक पिछले कई महीनों से अवैध कामों के लिए कमरा बुक कर अवैध कारोबार चला रहे हैं सूचना के आलोक में तीनों मैरेज हॉल में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कुछ लड़कों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण भाग नहीं सके। हालाँकि प्रशासन की लाख कोशिश के बावजूद संचालक पुलिस को चकमा देने मे कामयाब हो गये।

## जय मातादी के जयकारे के साथ गढ़वा में निकाली भगवती माई की डोली यात्रा

» ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

चाणक्य भूमि(मझोलिया)



**मझौलिया।** पूर्वी सरेया पंचायत के गढ़वा टोला वार्ड 05 में बुधवार को माता के आगमन को लेकर डोली यात्रा निकाली गयी।डोली यात्रा का नेतृत्व पूर्वी सरेया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्र भूषण पांडेय समेत ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। जय मातादी के जयकारे के साथ डोली यात्रा भगवती माई स्थान गढ़वा से शुरू होकर अहिरटोली,ब्रिती टोला, लिपनी, कचहरी टोला, सरेया बाजार होते हुए माई स्थान तक पहुंचा।डोली यात्रा को सम्पन्न कराने में मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार शर्मा, कुंदन कुमार ,चंदन कुमार, राजकुमार शर्मा, अभय कुमार यादव, मदन ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, रामबाबू शर्मा समेत ग्रामीणों की भारी भागीदारी रही।यहां के भगवती स्थान का बड़ा महत्व है।नौ दुर्गा की स्थापना अरसे से है।यहां भक्तों की हर मुराद पूरी होती है।

## सेनुअरिया में बेल निमंत्रण के बाद खुला मां का पट

» दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चा० भूमि(मझोलिया)



**मझौलिया।** सर्वोदय मां दुर्गा पूजा समिति सेनवरिया में षष्ठी तिथि में बेल निमंत्रण के निमित्त डोली यात्रा निकाली गयी। डोली यात्रा में आचार्य श्रीकांत उपाध्याय ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजन अर्चना करते हुए जय घोष के साथ माता को भक्ति और उपासना भाव से आमंत्रित किया।डोली यात्रा।में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। डोली यात्रा के उपरांत सप्तमी तिथि में बुधवार को माता के जय घोष और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भवानी मंडप का पट खुला। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।खूब लगा माता का जयकारा। माता शेरावाली के नौ रूपों का दर्शन करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।पूजा अर्चना और दर्शन शुरू हो गया।शांति व्यवस्था बनाये रखने में पंचायत के मुखिया ज्योति श्रीवास्तव और पूजा समिति के अध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव व ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

## दक्षिण तेल्हुआ में माता की शोभा यात्रा निकाली गई

चा० भूमि नौतन



दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के वार्ड नंबर 14 और 15 के ग्रामीणों ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां भगवती दुर्गा का प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चन किया गया। इस उपलक्ष में जेष्ठा नक्षत्र युक्त षष्टी तिथि को बेल वृक्ष के पास जाकर पूजा अर्चन कर आमंत्रण किया गया। वही सप्तमी में तिथि को बेल वृक्ष के पास जाकर पूजा किया गया और वहीं से मां भगवती को चांदी को डोली में बिठाकर प्रत्येक घर जाकर माता का पूजा कराया गया। इस यात्रा में महिलाएं पुरुष और लड़कियां बढ़ चढ़कर की माता की पूजा की। घर-घर डोली घूमते हुए डोली को पूजा मंडप के समक्ष लाया गया। फिर ब्रह्म वेद मंत्र के द्वारा माता को मंडप में प्रवेश कराए और सप्तमी तिथि को संध्याकालीन पूजा अर्चन किया गया। अष्टमी युक्त नवमी तिथि नहीं मिलने के कारण महानिशा की पूजा बृहस्पतिवार 10 अक्टूबर को मध्य रात्रि में की जाएगी।

शोभा यात्राके मौके पर नवयुवक संघ दुर्गा पूजा के समिति सदस्य के अध्यक्ष गोलू कुमार सिंह कोषाध्यक्ष राजीव रंजन राय उप कोषाध्यक्ष गोलू कुमार राय आदि समिति सदस्य मौजूद रहे।

## गौनाहा में श्रद्धा -भक्ति के साथ निकाली गई डोली यात्रा

चाणक्य भूमि गौनाहा





» बैंड -बाजे और नाच -गान के साथ निकली डोली

**गौनाहा (ए स )** गौनाहा थाना स्थित दुर्गा मंदिर व प्रखंड मुख्यालय स्थित माता मंदिर से बुधवार को डोली श्रद्धा, भक्ति व उल्लास के साथ निकाली गई ।डोली यात्रा में उमड़ी श्रद्धालु भक्तों की भीड़ में नाच -गान व बाजे- गाजे के साथ मां की डोली निकाली गयी । सैकड़ो की संख्या में डोली यात्रा में महिला, पुरुष व बच्चे माता की जयकारा लगा रहे थे । उत्साह में लोग नाच गान करते हुए दिखाई दिए ।थाना परिसर स्थित दुर्गा मंदिर से निकाली गई डोली यात्रा गौनाहा बाजार,स्टेट बैंक गौनाहा, परसा गांव होते हुए गौनाहा ग्रामीण बैंक, रेफरल अस्पताल,पशु अस्पताल, अंबेडकर पार्क,गौनाहा प्रखंड मुख्यालय तथा थाना होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंची । जगह-जगह डोली यात्रा में शामिल लोगों के पीने के लिए शुद्ध पेय-जल की व्यवस्था की गई थी ।ऐसे ही रुपौलिया, सिट्ठी,डरौल,दोमाठ,सहोदरा,जमुनिया , भीतिहरवा पकड़ी,मंझरिया,पिपरा कॉलोनी, बेलवा आदि गांव से डोली यात्रा निकालकर माता की पूजा अर्चना की गई । नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र के सातवें दिन माता का पट खुला । इस अवसर पर माता के दरबार में उपस्थित होकर श्रद्धालु भक्तों ने माता की पूजा -अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## .......या देवी सर्वभूतेश की बखरिया में रही गूंज

» माई स्थान बखरिया में आयोजित जागरण में उमड़ी दर्शको की भीड़
» इंस्पेक्टर ने कहा कि शांति बनाये रखने की अपील की
» सम्मानित हुए अतिथि

चाणक्य भूमि(मझौ लिया)





**मझौलिया।** बुधवार की रात 10 बजे बखरिया माई स्थान में मां भवानी ज्ञान मंच का उदघाटन इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र जिला परिषद सदस्य लालू यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, मुखिया पति एक बाली राम, सरपंच प्रतिनिधि पुरन दास ,पूर्व मुखिया सुरेश साह और बिंदु यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मंच पर आगत अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहाँ का भव्य पंडाल और आदम कद प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।माता का पट खुलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।इंस्पेक्टर श्री मिश्र ने मंच से सबो से शांति बनाए रखने की अपील की।यहाँ पूजा को सम्पन्न कराने में जयनाथ प्रसाद, गुड्डू मिश्र, आदित्य सिंह, राजू यादव, नीरज कुमार यादव सुनील सिंह आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।प्रतिदिन यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।बड़ा ही अद्भुत नजारा है।

## वित्त अंकेक्षण व योजना समिति के बैठक से बीडीओ गायब, प्रमुख ने वरीय अधिकारियों से किया शिकायत

चाणक्य भूमि गौनाहा संवाददाता मेराज आलम




**गौनाहा (ए सं)** गौनाहा प्रखंड प्रमुख कर्यालय मे बीडीओ के आदेश पर आहुत की गयी वित्त अंकेक्षण व योजना समिति की बैठक मे बीडीओ के नही पहुंचने पर प्रमुख ने वरीय अधिकारियों से इसकी शिकायत अपने लेटर पैड के द्वारा किया है। प्रमुख जयप्रकाश पासवान ने बताया कि पत्रांक 131 के द्वारा 1 सितंबर को वित्त अंकेक्षण व योजना समिति की बैठक प्रमुख कार्यालय मे आयोजित करने के लिए बीडीओ को एक पत्र भेजा गया था। बीडीओ के द्वारा उसे स्वीकार करते हुए 3 सितंबर को पत्रांक 924 के द्वारा वित्त अंकेक्षण व योजना समिति की बैठक 8 सितंबर को प्रमुख कार्यालय मे आयोजित करने के लिए प्रमुख व सदस्यों को लेटर भेजा गया था। ससमय प्रमुख समेत सभी सदस्य प्रमुख कर्यालय मे उपस्थित होकर पौने बारह बजे तक बीडीओ के इंतजार के बाद बीडीओ को कॉल किया। लेकिन बीडीओ ने बिना सुचना के न तो बैठक मे पहुंचे और ना ही फोन का जवाब दिया। प्रमुख ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी बेतिया, उप विकास आयुक्त बेतिया, जिला पदाधिकारी बेतिया, आयुक्त महोदय तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर व प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग बिहार सरकार पटना को पत्र भेजते हुए कहा है की बीडीओ का यह रवैया मनमर्जी का घोतक है। जांच कर कार्रवाई की मांग किया है। बीडीओ शिवजन्म राम ने बताया कि वह मुख्यालय मे है। लेकिन किस परिस्थिति में बैठक मे नही पहुंचे नही बताया और प्रमुख का लेटर का मांग करते रहे।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

चा० भूमि मोतिहारी



राजेंद्र नगर भवन मे महिला एवं बाल विकास निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग बोर्ड परीक्षाओं में जिले में टॉप रखी बेटियों को डीएम ने प्रसस्ती पत्र और टैब देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त , सदर एसडीओ, डीपीओ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम सौरव जोरवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चियों के लिए महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग जागरूकता फैला रही है, ताकि समाज में किसी तरह का भेदभाव ना हो।

आगे उन्होंने बताया कि पूरे देश मे महिलाओं की स्थिति बिहार में बाकी राज्यों से अच्छी है, यहां पंचायतों, नगर निकायों, नौकरियों व पुलिस में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक है। उन्होंने मिसाल देते हुये कहा कि मिसाल के तौर पर आप देख सकते कि जिले में 6 अनुमंडल है, जिसमें चार महिला अनुमंडल पदाधिकारी है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच से बाहर हुए विलियमसन

एजेंसी, वेलिंगटन



केन विलियमसन के भारत रवाना होने में देरी होगी और हाल ही में कमर में खिंचाव के कारण वह बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। विलियमसन को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान असहजता महसूस हुई थी और भारत में टीम में शामिल होने से पहले उन्हें रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार (9 अक्टूबर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दी।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने उम्मीद जताई कि विलियमसन रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद सीरीज में बाद में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। वेल्स ने कहा, "हमें जो सलाह मिली है, वह यह है कि केन के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि वह चोट को और बढ़ाने के जोखिम के बजाय आराम करें और पुनर्वास करें। हमें उम्मीद है कि अगर पुनर्वास योजना के अनुसार होता है तो केन दौरे के उत्तरार्ध के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि दौरे की शुरुआत से केन का उपलब्ध न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है, लेकिन यह किसी और को एक महत्वपूर्ण श्रृंखला में भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है।" मार्क चैपमैन, जो टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, विलियमसन के कवर के रूप में टीम में शामिल होंगे। न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल टीमों में नियमित रूप से खेलने वाले चैपमैन का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.9 है, जिसमें छह शतक शामिल हैं, जिसमें 2020 में भारत ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। उन्होंने पिछली गर्मियों में प्लंकेट शील्ड में तीन मैचों में 245 रन बनाए, जिसमें ओटागो वोल्ट्स के खिलाफ 123 रन शामिल हैं। वेल्स ने कहा, "हमारा मानना है कि मार्क स्पिन के हमारे सर्व श्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं और उपमहाद्वीप में उनका ट्रैक रिकॉर्ड बेहतरीन है। मार्क ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पिन को सक्रिय रूप से खेलने की क्षमता प्रदर्शित की है और उनके बेहतरीन प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड के साथ, हम उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जो भारत में जिस तरह की परिस्थितियों का सामना करने की उम्मीद है, उसमें सफल हो सकते हैं।" इस बीच, माइकल ब्रेसवेल अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटने से पहले पहले टेस्ट के लिए टीम के साथ यात्रा करेंगे। उनकी जगह बाकी सीरीज के लिए ईश सोढ़ी लेंगे।

**न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है-:** टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), माइकल ब्रेसवेल (केवल पहला टेस्ट), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (केवल दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउथी, केन विलियमसन, विल यंग।

# टेस्ट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने जो रूट, एलिस्टेयर कुक को छोड़ा पीछे

एजेंसी, मुल्तान




इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने बुधवार को एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, वह टेस्ट क्रिकेट में थ्री लायंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। रूट ने मुल्तान क्रिकेट ग्राउंड पर 71 रन का आंकड़ा छूते ही पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। रूट अब तक इंग्लैंड के लिए लंबे प्रारूप में 12513 रन बना चुके हैं, समाचार लिखे जाने तक रूट 111 रन बनाकर नाबाद हैं। कुक ने टेस्ट क्रिकेट में थ्री लायंस के लिए 12472 रन बनाए थे। रूट ने 43वें ओवर में पाकिस्तान के अबरार अहमद के खिलाफ सिर्फ एक सिंगल लेकर यह रिकॉर्ड हासिल किया। ब्रिटिश क्रिकेटर द्वारा रिकॉर्ड हासिल करने के तुरंत बाद इंग्लैंड का ड्रेसिंग रूम खड़ा हो गया और 33 वर्षीय की उपलब्धि का सम्मान करने के लिए तालियाँ बजाने लगा। रूट ने 2012 में भारत के खिलाफ़ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उसके बाद से उन्होंने 146 टेस्ट मैचों और 267 पारियों में 56.93 की स्ट्राइक रेट और 50.62 की औसत से 12513 रन बनाए हैं। लंबे प्रारूप में रूट ने 35 शतक और 5 दोहरे शतक लगाए हैं। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 15921 रनों के साथ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग 13378 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे दिन समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 337 रन बना लिए हैं, जिसमें हैरी ब्रुक 58 और जो रूट 111 रन बनाकर क्रीज पर हैं। मुल्तान में पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे। अब्दुल्ला शफीक (102), शान मसूद (151) और आगा सलमान (104*) ने शतक लगाया था।

# मुझे खुशी है कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार और आश्वस्त हैं: पीटी उषा

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को दिल्ली में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात के बाद 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने की उत्तराखंड की क्षमता पर विश्वास जताया। पीटी उषा ने कहा, "मुझे खुशी है कि उत्तराखंड के सीएम राष्ट्रीय खेलों और शीतकालीन खेलों की अच्छी मेजबानी के लिए तैयार और आश्वस्त हैं।"

38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित किए जाएंगे। इसका पूरा कार्यक्रम 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आम सभा की बैठक में जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ शीतकालीन राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भी उत्तराखंड में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है, जिसके लिए उन्होंने पीटी ऊषा का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखंड पूरी तरह तैयार है। राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में काफी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। जिन राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेल आयोजित हुए हैं, उनके अनुभवों के आधार पर राज्य में खेलों को और बेहतर तरीके से आयोजित करने का कार्य किया जाएगा।

# शंघाई मास्टर्स 2024: सिनर, अल्कराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी, शंघाई

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर का शंघाई मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में डेनियल मेदवेदेव से मुकाबला होगा, दोनों ने बुधवार को सीधे सेटों में जीत हासिल कर अंतिम 8 में प्रवेश किया। सिनर ने अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-4, 7-6(1) से हराया, जबकि मेदवेदेव ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को 7-6(3), 6-3 से हराया। 16वीं रैंकिंग वाले शेल्टन ने पिछले साल इसी चरण में सिनर को हराया था, लेकिन बुधवार को इटालियन खिलाड़ी शुरू से ही आत्मविश्वास में दिखे और 88 मिनट में जीत दर्ज की। सिनर ने कहा, "यह बहुत कठिन था, जब आप उनके खिलाफ खेलते हैं तो आपके पास इतना नियंत्रण नहीं होता... मैंने बस मानसिक रूप से मजबूत रहने की कोशिश की।" दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव और सितसिपास 14वीं बार आमने-सामने थे। सितसिपास ने दूसरे सेट की शुरुआत जोरदार तरीके से की, पहले गेम में ब्रेक किया, लेकिन मेदवेदेव ने चौथे और आठवें गेम में ब्रेक करके आगे बढ़ गए। मेदवेदेव और सिनर इस साल टूर्नामेंट के अंतिम चरण में चार बार भिड़ चुके हैं। सिनर ने मियामी में सेमीफाइनल, यूएस ओपन में क्वार्टर फाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में मेदवेदेव को हराया था, लेकिन रूसी खिलाड़ी ने विंबलडन में अंतिम आठ में पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में इतालवी खिलाड़ी की उम्मीदों को खत्म कर दिया था।

# भारतीय महिला टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 में जीता ऐतिहासिक कांस्य पदक

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय महिला टीम ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। एशियाई टेबल टेनिस संघ द्वारा 1972 में प्रतियोगिता आयोजित करने के बाद से यह भारत के लिए महिला टीम स्पर्धा में पहला पदक है।

सेमीफाइनल में भारत जापान से 1-3 से हार गया जबकि दूसरे सेमीफाइनल में चीन ने हांगकांग को 3-0 से हराया। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्ट को कांस्य पदक से सम्मानित किया जाता है। अयहिका मुखर्जी को पहले एकल मुकाबले में मिवा हरिमोटो से 2-3 (8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11) से हार का सामना करना पड़ा। मनिका बत्रा ने सतसुकी ओडो पर 3-0 (11-6, 11-5, 11-8) की जीत के साथ स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, मीमा इटो ने सुतिर्था मुखर्जी को 3-0 (11-9, 11-4, 15-13) से हराया और हरिमोटो ने बत्रा को 3-1 (11-3, 6-11, 11-2, 11-3) से हराकर जापान के लिए मुकाबला पक्का कर दिया। भारत ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर पदक पक्का कर लिया था। बाद में, भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में मेजबान कजाकिस्तान से भिड़ेगी।

## व्यापार

# वित्तीय अनुशासन को ले आरबीआई गंभीर, दिसंबर में हो सकता है ब्याज दरों में कटौती का फैसला

### सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करेगा आरबीआई का फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के अनुरूप लगातार 10वीं बार नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। माना जा रहा है कि आरबीआई ब्याज दरों में बदलाव या कमी करने के पहले सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों की भी समीक्षा करेगा। इन दोनों महीनो में भी अगर महंगाई के आंकड़े अनुकूल रहे, तो दिसंबर के महीने में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया जा सकता है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने पिछले महीने ही ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी। यूएस फेड ने इस साल ब्याज दरों में और 50 बेसिस पॉइंट्स तक की कटौती करने का भी संकेत दिया है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के बाद दुनिया के कई देशों में ब्याज दरों में कटौती की गई या राहत पैकेज का ऐलान किया गया। चीन ने हाल में ही राहत पैकेज का ऐलान किया है। इसी तरह न्यूजीलैंड में कल ही ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करके उनको 5.25 प्रतिशत से 4.75 प्रतिशत के स्तर पर लाया गया है। न्यूजीलैंड में अगस्त के महीने में भी ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के बाद भारत में भी ब्याज दरों में कटौती होने की चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन मिडिल ईस्ट के बढ़ते तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी उथल-पुथल की वजह से शुरुआती चर्चा के दौरान ही ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना को खारिज कर दिया गया। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में भी 5-1 के बहुमत से इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव कर नहीं करने का फैसला लिया गया। इसके पहले अगस्त के महीने में भी आरबीआई ने अपनी मॉनेटरी पॉलिसी में ये स्पष्ट कर दिया था कि ब्याज दरों में कमी का उसका कोई भी फैसला घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति पर निर्भर करेगा। मार्केट एक्सपर्ट राजीव मोरारका का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले कई महीनों से लगातार खुदरा महंगाई दर को काबू करने पर अपना फोकस केंद्रित रखा है। आरबीआई की कोशिश के परिणाम भी नजर आ रहे हैं। इन कोशिशों से खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय लक्ष्य 4 प्रतिशत के काफी करीब पहुंच गई है। मोरारका के मुताबिक अगर सितंबर और अक्टूबर में भी महंगाई दर नियंत्रण में बनी रही, तो दिसंबर के महीने में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ब्याज दरों में कमी करने का फैसला ले सकती है। उनका कहना है कि ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कमी की जा सकती है, लेकिन ये कटौती एक बार में करने की जगह दो बार में 25-25 बेसिस पॉइंट्स की कटौती के रूप में हो सकती है। इसी तरह अरिहंत फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ वैभव जैन का कहना है कि रिजर्व बैंक को एक साथ दो मोर्चों पर अपना ध्यान केंद्रित करना पड़ रहा है। आरबीआई पर एक ओर तो खुदरा महंगाई दर को नियंत्रित रखने का दबाव है, तो दूसरी ओर देश की आर्थिक वृद्धि दर को भी तेज बनाए रखने की चुनौती है। कोरोना काल के दबाव के कारण दुनिया भर के ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था काफी प्रभावित हुई है। ज्यादातर देशों की विकास सुस्त हुई है या फिर घट गई है। दूसरी ओर, लेकिन कोरोना के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही है। खासकर, कोरोना काल खत्म होने के बाद भारतीय अवस्था में अर्थव्यवस्था में जबरदस्त तेजी का रुख बना है।

# अब यूपीआई लाइट के जरिए एक बार में होगा एक हजार रुपये का भुगतान

एजेंसी, मुंबई




रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की बढ़ती लोकप्रियता को बढ़ावा देने के मकसद से यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा बढ़ाकर एक हजार रुपये और वॉलेट की सीमा 5 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया है। फिलहाल यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा 500 रुपये और 2 हजार रुपये है। आरबीआई इस बारे में जल्दी ही दिशा-निर्देश जारी करेगा। तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लगातार नवोन्मेष और स्वीकार्यता के साथ यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आसान और समावेशी बनाकर देश के वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन डिजिटल माध्यम से छोटे मूल्य के भुगतान की सुविधा के लिए यूपीआई लाइट से जुड़ी आरबीआई की रूपरेखा में उपयुक्त संशोधन किया जाएगा। इसके अलावा 'यूपीआई 123 पे' की सुविधा अब 12 भाषाओं में उपलब्ध होगी। शक्तिकांत दास ने आगे कहा कि यूपीआई के उपयोग को और प्रोत्साहित करने तथा और समावेशी बनाने को लेकर यूपीआई 123 पे में प्रति लेन-देन की सीमा 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके साथ ही यूपीआई वॉलेट की सीमा 2 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने और प्रति लेन-देन की सीमा को भी एक हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक कोष अंतरण (एनईएफटी) और रियल टाइम ग्रास सेटलमेंट सिस्टम (आरटीजीएस) में भी कोष अंतरण को अंतिम रूप देने से पहले यूपीआई और तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) की तरह खाताधारक के नाम के सत्यापन की सुविधा मिलेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वर्तमान में यूपीआई और आईएमपीएस के तहत पैसा भेजने से पहले भेजने वाले को प्राप्तकर्ता यानी लाभार्थी के नाम को सत्यापित करने की सुविधा मिलती है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार की तेजी और घरेलू मांग बढ़ने से आसमान पर चांदी

एजेंसी, नई दिल्ली



मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंकाओं की वजह से दुनिया भर के निवेशकों ने बुलियन मार्केट में निवेश बढ़ा दिया है, जिसके कारण सोना ऑल टाइम हाई के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। सोने के साथ ही चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल दर्ज की गई है। ये चमकीली धातु 97 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक भी पहुंच चुकी है। माना जा रहा है की दिवाली तक इसकी कीमत एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर सकती है। घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में हाल के दिनों में आए उछाल की मुख्य वजह इंटरनेशनल मार्केट में आई तेजी और घरेलू मांग में हुई बढ़ोतरी को माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत में पिछले 9 महीने के दौरान 9 डॉलर प्रति ऑन्स से अधिक की तेजी आ चुकी है। इस साल 1 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 23.19 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर कारोबार कर रही थी। 9 महीने में ही चांदी की कीमत 32.20 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर पहुंच गई। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के तनाव में और बढ़ोतरी हुई, तो चांदी की कीमत 38 से 40 डॉलर प्रति ऑन्स तक पहुंच सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी आने का सीधा असर भारत के सर्राफा बाजार पर भी पड़ेगा, क्योंकि सोने की तरह चांदी के लिए भी भारतीय बाजार काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार से होने वाले आयात पर ही निर्भर करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अगर चांदी की कीमत में उछाल आया, तो भारतीय सर्राफा बाजार में भी चांदी की कीमत तेज हो जाएगी।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी, नई दिल्ली



इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.20 डॉलर यानी 0.27 फीसदी की बढ़त के साथ 77.77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.12 डॉलर यानी 0.18 फीसदी फिसलकर 73.68 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का जताया अनुमान

एजेंसी, मुंबई



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई गवर्नर ने 7 अक्टूबर से शुरू तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। शक्तिकांत दास ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि 6.7 फीसदी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग में सुधार, कच्चे माल की कम लागत और सरकारी नीतियों से विनिर्माण क्षेत्र में आ रही तेजी की वजह से चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने ब्याज दर को यथावत रखने के पक्ष में 5:1 के बहुमत से फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी के सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ेगी। दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ का लक्ष्य 7.2 फीसदी से घटाकर सात फीसदी किया गया है, जबकि तीसरी तिमाही के लिए अनुमान को 7.3 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी किया गया है। इसके अलावा चौथी तिमाही के लिए 7.4 फीसदी और अगले वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए 7.3 फीसदी कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच

चाणक्य भूमि,बेतिया

» बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल में 105 महिलाओं की एएनसी जाँच
» आयरन, कैल्सियम की गोली और अन्य दवाओं का हुआ वितरण



जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच महिला चिकित्सक, नर्स व स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में की गई। नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल में 105 महिलाओं की एएनसी जाँच की गई। अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा के उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि 105 महिलाओं की जाँच हुई है। एएनसी जाँच के साथ हीमोग्लोबिन, शुगर, एचआईवी, बीपी, वजन आदि की भी जाँच की गई। आयरन, कैल्सियम की गोली व अन्य दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महिला चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाव को लेकर लौह तत्व युक्त हरी पत्तेदार साग-सब्जी, फल, दूध, अंडा, मांस-मछली, चुकंदर, केला, मौसमी फल आदि खाने की सलाह दी।

**गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्सियम की गोली का सेवन करना जरूरी**-सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि गर्भावस्था में पोषक तत्वों की आवश्यकता बढ़ जाती है। इस दौरान पर्याप्त मात्रा में कैल्सियम, आयरन लेने से समय से पूर्व नवजात की मृत्यु को रोका जा सकता है। कैल्सियम लेने से माता की हड्डियां मजबूत होती हैं। मां के दूध में कैल्सियम की मात्रा बढ़ने से नवजात की हड्डियों का विकास भी अच्छा होता है। गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचने के लिए आयरन की 180 गोली प्रसव से पहले व 180 गोली प्रसव के बाद 6 महीने तक लेनी चाहिए। इससे खून की कमी का खतरा नहीं रहता एवं जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहते हैं।

**मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी हेतु एएनसी जांच जरूरी**ःडॉ अशोक तिवारी ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी करने के लिए एएनसी जांच को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है। जांच के जरिये गर्भावस्था की गंभीर जटिलताओं को समय रहते दूर करते हुए माता और शिशु के प्राणों की रक्षा की जा सकती है। जिले के सभी अस्पतालों के साथ-साथ सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अन्तर्गत प्रत्येक महीने एएनसी जांच की जाती है। इस दौरान जांच को आई गर्भवती महिलाओं की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी), एचबी प्रतिशत, एचआईवी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज आदि का परीक्षण किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में हर माह की 9 एवं 21 तारीख को आरोग्य दिवस का आयोजन कर एएनसी जांच के साथ ही महिलाओं को सुरक्षित प्रसव, परिवार नियोजन के विषय में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जानकारी दी जाती है। इस मौके पर डॉ ए के तिवारी, डॉ विनय कुमार, डॉ संजय गुप्ता, डॉ सुनिष्ठा कुमारी, डॉ रोक़ोया यास्मीन, डॉ राजीव कुमार, डॉ अमृता मशु, मनी पाण्डेय, डॉ मुन्ना कुमार, शालिनी, एएनएम अनुपमा, जीएनएम किरण, शहजादी, सरला, राधिका, जीपी त्यागी आदि उपस्थित थे।

**गर्भवती महिलाएं ऐसे रखें ख्याल-**

संतुलित आहार का सेवन करें।

डाइट में विटामिन शामिल करें ।

तेल, घी मसालेदार खाने से परहेज़ करें ।

किसी प्रकार की तकलीफ हो तो डाक्टर से संपर्क करें ।

हर दिन हल्का व्यायाम जरूर करें

तनाव न लें।

## शेख मझरिया भवानी मंडप परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन

चाणक्य भूमि, मझौलिया



» खूब झुमें श्रोता
» उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**मझौलिया**।नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति ब्रह्म स्थान चौक मझरिया शेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन मुखिया प्रत्याशी सोहराब आलम व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष भरत राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।समिति के अध्यक्ष भरत राज ने कहा कि बिगत 18 वर्षों से लगातार मां दुर्गा की पूजा हो रही है। मौके पर भरत राम, शंभू शाह, सुरेंद्र शाह,बिक्की बशान्त , दिलीप कुमार, कुशवाहा ,सुनील कुमार नारायण मिश्रा, लालू सहनी, चंदेश्वर प्रसाद, विनय कुमार, रामदेव प्रसाद, हरिओम साह ,सुरेश प्रसाद ,प्रदीप कुमार, चंदेश्वर कुमार ,भंडारी कुमार आदि उपस्थित रहे।देर रात तक ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य,आध्यात्मिक उत्सव का नुक्कड़ नाटक आदि का लुफ्त उठाया।साज सज्जा और श्रृंगार की लोगों ने तारीफ की।




## डोली पर सवार हो आई मां, निकली शोभायात्रा



चाणक्य भूमि मैनाटांड़

जय माता दी, प्रेम से बोलो शेरावाली मैया की जय, अंबे भवानी की जय, दुर्गा मैया की जय जैसे मां भगवती के जय घोष व देवी माता के गीतों से पूरा प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास का क्षेत्र बुधवार को गुंजायमान हो गया। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा की डोली यात्रा निकाली गयी। जो काफी आकर्षक रही। इस डोली यात्रा को देखने के लिए लोग अपने घरों से बाहर निकल कर सड़क के दोनों किनारे खड़े हो गये। इस अवसर पर बेल के वृक्ष के पास पूजा-अर्चना की गयी। जहां से मां का आसन मंडप तक लाया गया। सड़कों पर उमड़ी महिला पुरुषों भक्तों की भीड़ ढोल नगाड़े आकर्षक का केंद्र रहें।उधर बभनौली, इनरवा, पुरुषोत्तमपुर, बेलवाडीह माई स्थान, भंटाटाड़ ,धोखराहा कालनी,पिड़ारी आदि गांव में भी डोली यात्रा निकाली गयी।वही निशा पूजा को ले भक्तों ने तैयारी शुरू कर दी है ।इस पूजा को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा गया।

## बगहा विधायक राम सिंह, ने हरियाणा में बीजेपी के जीत पर मिठाई बात कर मनाई खुशियां

चाणक्य भूमि बगहा



बगहा विधायक राम सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के बगहा ग्रामीण मंडल के नड्डा चौक पर आतिशबाजी कर एवं कार्यकर्ताओं और जनता के बीच मिठाई बांटकर खुशी मनये।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीतकर शानदार वापसी की है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है, हर जगह भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी कर खुशियाँ मानये, ऐसा खुशी का माहौल लगभग सभी भाजपा कार्यालयों पर, भाजपा नेताओं के आवास और क्षेत्र में भी भाजपा समर्थकों ने खुशियां मनाई।

ऐसे में बगहा विधायक राम सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के बगहा ग्रामीण मंडल के नड्डा चौक पर आतिशबाजी कर एवं कार्यकर्ताओं और जनता के बीच मिठाई बांटकर खुशी मनये।

उन्होंने ने कहा कि यह जीत हरियाणा के देव तुल्य मतदाताओं की जीत है, यह प्रधानमंत्री के गरीब कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का प्रतिफल है साथ ही उन्होंने ने कहा कि देश की जनता मोदी जी पर भरोसा है और देश मोदी जी के साथ है, उन्होंने कश्मीर के जनता को भी धन्यवाद कहा।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूर्य प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री पंकज झुनझुनवाला, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पाण्डे, जिला मंत्री दीपक सिंह उर्फ कक्कू सिंह, संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राव, आलोक सिंह, अनिकेश पांडेय अन्य कार्यकर्ता बंधु एवं जनता जनार्दन उपस्थित रहे।




## राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल से भाजपा नेता तुषार सिंह ने किया शिष्टाचार मुलाकात

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा**। भाजपा के युवा नेता तुषार सिंह ने पटना में बिहार सरकार के राजस्व मंत्री सह भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से औपचारिक भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान तुषार सिंह ने कहा कि बगहा विधान सभा के सैकड़ों भूधारी किसानों के जमीन के खारिज दाखिल में विलंब होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जिसको लेकर राजस्व मंत्री से इस बाबत किसानों की सुविधा मुहैया कराने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया।साथ जमीन सर्व में कर्मचारियों की मनमानी पर ब्रेक लगाने की गुहार लगाया गया। इस दौरान मंत्री दिलीप जायसवाल ने वार्ता में आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में सभी राजस्व कर्मचारियों को आदेशित करते हुए कहा कि हर हाल में 5दिनों के अंदर दाखिल खारिज करना अनिवार्य होगा।साथ ही जमीन सर्वे में कर्मचारियों को भूधारियों से पैसे की वसूली पर किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जायेगा।बतादें कि जमीन की दाखिल खारिज में राजस्व विभाग के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही जमीन सर्वे के कार्य में भूधारियों के द्वारा लंबी कतार में घंटो लाइन में खड़ा होना इस बात का संकेत दे रहा है।वही बगहा विधान सभा के सभी भूधारियों से इस पर कहना है कि अपनी जमीन के कागजात को दुरुस्त कराने में किसी भी बिचौलियों के झांसे में नहीं आएं। तथा अपने आपको पूरे मजबूती से खड़ा रहें।यदि किसी तरह की जमीन संबंधी किसी तरह की कोई परेशानी होती है तो तुरंत संपर्क करें।

## देर शाम खुला मां का पट, डोली पर सवार हो बगहा के पूजा पंडाल पहुंचीं मां दुर्गा

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा**। देवी स्वरूपा बेलवंती रानी को डोली में लेकर जब श्रद्धालुओं का काफिला सड़क पर निकला तो नजारा देखते ही बनता था। मां दुर्गा की डोली को कंधा लगाने की होड़ मची रही। हर कोई मां की डोली को कंधा लगाने को बेचैन था। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माता को निमंत्रण दिया गया था। बुधवार की सुबह नगर के सभी पूजा पंडालों में माता की डोली सजी और बैंड बाजे के बीच भक्त मां को बुलाने के लिए निकल पड़े। काली स्थान दुर्गा पूजा समिति बंबे बाजार-गोडियापट्टी, दुर्गा पूजा समिति समेत अन्य सभी पूजा पंडालों से माता की डोली निकली। डोली यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर थाना की पुलिस मुस्तैद रही। काली स्थान से निकली डोली यात्रा रामधाम माई स्थान तक गई। जहां से भक्त पुनः पूजा पंडाल पहुंचे। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। भक्तिमय माहौल के बीच निकली डोली यात्रा में काली स्थान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, सिंटू सिंह ,पिंटू गुप्ता, पप्पु वर्मा, मुन्ना यादव संजय कैसोधन अशोक तुलस्याम, बजरंग बैराशिया आदि मौजूद रहें। वहीं काली स्थान पूजा समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता व उपअध्यक्ष सिंटू सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्थित बगहा काली स्थान में सबसे पहले 1967 में दुर्गा पूजा मनाया गया। उसके बाद धीर धीरे सभी जगहों पर मनाया जाने लगा। हर साल हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म के लोग मिलजुल कर इस पूजा को मानते है। इसके साथ ही गुरुवार की देर शाम को काली स्थान दुर्गा पूजा समिति के द्वारा काली स्थान के प्रांगण में भक्ति झांकी का आयोजन किया जायेगा। जो लगातार तीन दिनों का चलेगा।

## शेख मझरिया भवानी मंडप परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन



चाणक्य भूमि, मझौलिया

» खूब झुमें श्रोता
» उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**मझौलिया**। नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति ब्रह्म स्थान चौक मझरिया शेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन मुखिया प्रत्याशी सोहराब आलम व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष भरत राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।समिति के अध्यक्ष भरत राज ने कहा कि बिगत 18 वर्षों से लगातार मां दुर्गा की पूजा हो रही है। मौके पर भरत राम, शंभू शाह, सुरेंद्र शाह,बिक्की बशान्त , दिलीप कुमार, कुशवाहा ,सुनील कुमार नारायण मिश्रा, लालू सहनी, चंदेश्वर प्रसाद, विनय कुमार, रामदेव प्रसाद, हरिओम साह ,सुरेश प्रसाद ,प्रदीप कुमार, चंदेश्वर कुमार ,भंडारी कुमार आदि उपस्थित रहे।देर रात तक ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य,आध्यात्मिक उत्सव का नुक्कड़ नाटक आदि का लुफ्त उठाया।साज सज्जा और श्रृंगार की लोगों ने तारीफ की।










## सर्वे के दौरान बेतिया राज की भूमि पर रखनी होगी पैनी नजर

चा० भूमि बेतिया



» जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेतिया राज के परिसंपत्तियों के सर्वे को लेकर कार्यशाला सह बैठक सम्पन्न
» जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी को सर्वे कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करने का दिया निर्देश

बेतिया राज के परिसम्पतियों के सर्वे को लेकर आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, प्रबंधक बेतिया राज, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी, शिविर प्रभारी एवं कानूनगों उपस्थित थे।

कार्यशाला सह बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस जिले के 16 अंचलों गौनाहा एवं मैनाटांड़ को छोड़कर) में बेतिया राज की 9758 एकड़ भूमि अवस्थित है। अध्यक्ष, राजस्व पर्षद बिहार की अध्यक्षता में विगत दिनों सम्पन्न बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में पश्चिम चम्पारण जिला में अवस्थित बेतिया राज की परिसम्पतियों का सर्वे, जिला में पदस्थापित सर्वे सेटलमेंट ऑफिसर के माध्यम से कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी को पुर्व में ही अपने क्षेत्र के लिए सहायक व्यवस्थापक, बेतिया राज नामित किया गया है उन्होंने निर्देश दिया कि सर्वे मैन्यूअल में निहित प्रक्रिया के तहत विधिवत रूप से सर्वे कराना सुनिश्चित किया जाय भूमि के सत्यापन के क्रम में यह विशेष ध्यान दें कि बेतिया राज की कोई भी भूमि छूट ना जाए। यदि किसी के द्वारा दावा किया जाता है तो उनसे दावा का आधार मांगना और उसका सत्यापन बेतिया राज से कराने के उपरांत ही निर्णय लेना है उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता को सर्वे कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे।

सभी अंचलाधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ सर्वे कार्य का मिलान सही तरीके से करायेंगे तथा अनुश्रवण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी, लापरवाही, शिथिलता पर संबंधित के विरूद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशःअनुपालन करते हुए सभी शिविर प्रभारी, कानूनगों अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर सर्वे कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे सर्वे कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने कहा कि 01.04.1897 के बाद राजस्व पर्षद को छोड़कर किसी को भी भूमि बंदोबस्त करने, लीज करने का अधिकार नहीं है यदि किन्ही के द्वारा कागजात के आधार पर दावा किया जाता है तो उनके कागजात का सत्यापन बेतिया राज से कराया जाएगा।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714